दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 304 | टोंक | शनिवार,20 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से
माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस ठप

बैंक, स्टॉक मार्केट और टीवी चैनल पर भी असर

1400 फ्लाइट दुनियाभर में कैंसिल

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में दिक्कत से शुक्रवार (19 जुलाई) को दुनियाभर में एयरलाइंस, टीवी टेलिकास्ट, बैंकिंग और कई कार्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर असर पड़ा है। सिस्टम ब्लू स्क्रीन में आने के बाद रीस्टार्ट हो रहे हैं। ये समस्या एंटीवायरस क्राउडस्ट्राइक के अपडेट के बाद आई है। अमेरिका, ब्रिटेन और भारत सहित कई देशों में करीब 1400 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। वहीं 3 हजार विमानों ने देरी से उड़ान भरी।

भारत में इंडिगो, स्पाइसजेट जैसी एयरलाइन्स ने बताया कि उनकी बुकिंग, चेक-इन और फ्लाइट अपडेट सर्विस प्रभावित हुई है। बोर्डिंग पास हाथ से लिखकर

क्राउडस्ट्राइक के अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस ठप हुई

दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के कुछ यूजर्स को अपने लैपटॉप पर नीली स्क्रीन दिखाई दे रही है। इससे उनके सिस्टम ऑटोमैटिकली रीस्टार्ट या शटडाउन हो गए हैं। डेल टेक्नोलॉजीज ने कहा कि यह समस्या हालिया क्राउडस्ट्राइक अपडेट के कारण हुई है। CrowdStrike एक साइबर सिक्योरिटी प्लेटफ़ॉर्म है जो यूजर्स को सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। क्राउडस्ट्राइक के अपडेट के कारण ही माइक्रोसॉफ्ट के एज्योर क्लाउड और माइक्रोसॉफ्ट 365 सर्विसेज में परेशानी आई है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, हमें समस्या की जानकारी है और हमने कई टीमों को इसे सुलझाने में लगाया है। हमने इसके कारण का पता लगा लिया है। इससे वहीं यूजर प्रभावित हुए हैं जो माइक्रोसॉफ्ट एज्योर का इस्तेमाल करते हैं।

कंप्यूटर सिस्टम्स में क्या समस्या आ रही है?

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से कंप्यूटर की स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एक सीरियस एरर स्क्रीन है, जो विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम पर दिखाई देती है। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है। इस एरर पर कंप्यूटर अपने आप रीस्टार्ट होने लगता है और डेटा लॉस की आशंका बढ़ जाती है।

क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है माइक्रोसॉफ्ट ऐज्योर

माइक्रोसॉफ्ट ऐज्योर क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है। ये एप्लिकेशन और सर्विसेज को बनाने, डिप्लॉय और मैनेज करने का काम करता है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट 365 प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर है, जिसमें वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट, आउटलुक और वन नोट जैसे लोकप्रिय एप्लिकेशन शामिल हैं।

सिस्टम क्रैश होने पर आती है ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ

ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एक क्रिटिकल एरर स्क्रीन है जो विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम पर दिखाई देती है। ऐसा तब होता है जब सिस्टम किसी गंभीर समस्या के कारण क्रैश हो जाता है जो इसे सुरक्षित रूप से काम करने से रोकता है। जब यह एरर होता है, तो कंप्यूटर ऑटोमेटिकली रिस्टार्ट हो जाता है, और जो डेटा सेव नहीं किया गया है उसके खो जाने की संभावना होती है।

जयपुर एयरपोर्ट पर बिगड़ा शेड्यूल:5 फ्लाइट्स कैंसिल की गई, 9 देरी से चलीं; 1500 से ज्यादा लोग हुए परेशान

जयपुर। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर डाउन होने के कारण जयपुर में पांच फ्लाइट को कैंसिल करना पड़ा है। इसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, दिल्ली और चंडीगढ़ की फ्लाइट शामिल हैं। वहीं, 9 फ्लाइट देरी से चलीं। इसके कारण 1500 से ज्यादा यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा। वहीं, दूसरे शहरों से जयपुर आने वाली फ्लाइट भी कैंसिल हो गई हैं। इनमें दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु की फ्लाइट शामिल हैं। सर्वर इंडिगो की जयपुर हैदराबाद फ्लाइट 6E-816, इंडिगो जयपुर-बेंगलुरु फ्लाइट 6E-373, जयपुर-दिल्ली फ्लाइट 6E-6262, जयपुर से चंडीगढ की फ्लाइट 6E - 7414 और एलायंस एयर की 9I-644 फिलहाल उड़ान नहीं भर पा रही है। दरअसल, शुक्रवार दोपहर अचानक माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में टेक्निकल प्रॉब्लम आ गई। जिसके बाद एयरलाइन कंपनियों के काउंटर पर लगे कंप्यूटर ठप हो गए। इसकी वजह से फ्लाइट्स का संचालन रोकना पड़ा है।

पूजा खेडकर के खिलाफ यूपीएससी ने एफआईआर दर्ज कराई

बढ़ता राजस्थान

पुणे। 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर के खिलाफ यूपीएससी ने एफआईआर दर्ज कराई है। यूपीएससी ने आरोप लगाया है कि पूजा ने अपनी पहचान बदल-बदलकर यूपीएससी की तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम दिया। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूजा के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और डिसेबिलिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इसके अलावा यूपीएससी ने पूजा को नोटिस जारी कर सिलेक्शन कैंसिल करने को लेकर भी जवाब मांगा है। यूपीएससी ने कहा कि पूजा के खिलाफ गहन जांच की गई। इसमें पाया गया कि उन्होंने अपना नाम, माता-पिता का नाम, सिग्नेचर, फोटो, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और एड्रेस बदलकर यूपीएससी का एग्जाम दिया। दरअसल, पूजा पर ट्रेनिंग के दौरान पद का गलत इस्तेमाल करने और खराब आचरण करने का आरोप लगा था। सबसे पहले पुणे के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुहास दिवासे ने पूजा के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद उनका ट्रांसफर वाशिम कर दिया गया था। इसके बाद पूजा खेडकर पर पहचान छिपाने और ओबीसी, विकलांगता कोटे के दुरुपयोग करने का आरोप लगा। केंद्र की कमेटी इसकी जांच कर रही है। 16 जुलाई को पूजा की ट्रेनिंग रोक दी गई और उन्हें मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी वापस बुला लिया गया।

मुझे धृतराष्ट्र कहते हो, ये शर्मनाक : देवनानी
'धृतराष्ट्र' मामले में राजस्थान विधानसभा में हंगामा

नेता प्रतिपक्ष जूली ने माफी मांगी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के स्पीकर वासुदेव देवनानी को धृतराष्ट्र कहने के मामले में सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस कारण विधानसभा की कार्यवाही को स्पीकर ने पहले एक घंटे और फिर आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि बाद में विधानसभा में गतिरोध दूर हो गया। अब सदन में स्वास्थ्य की अनुदान मांगों पर बहस चल रही है। विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सदन में गतिरोध दूर होने के बाद कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी के ठाकुर का कुआं कविता पढ़ने, नेता प्रतिपक्ष और मंत्री अविनाश गहलोत की टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से निकालने के आदेश दिए। दरअसल, आज शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष ने कल अनुदान मांगों पर जवाब के दौरान हुए हंगामे और मंत्रियों के आचरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कल जिस तरह मंत्रियों ने आचरण किया, असंसदीय शब्द बोले उन्हें कार्यवाही से नहीं निकाला, इसलिए बाहर जाकर बोलने की नौबत आई।

जूली ने कहा कि अध्यक्षजी, आपका झुकाव विपक्ष की तरफ रहना चाहिए, लेकिन हम देखते हैं आपका झुकाव सत्ता पक्ष की तरफ रहता है। इस पर स्पीकर ने कहा कि तो क्या आप आसन को धृतराष्ट्र कहेंगे। मुझे आपने धृतराष्ट्र कहा, आसन के प्रति इस तरह की टिप्पणी शर्मनाक है। इस पर माफी मांगनी चाहिए। इसके बाद जूली ने अपने बयान के लिए माफी मांग ली। नेता प्रतिपक्ष जूली बोले- सदन में मेरा माइक बंद किया:मंत्री सदन में असंसदीय शब्द बोलते हैं, उनको अध्यक्ष बचाते हैं, वे धृष्टराष्ट्र बन रहे हैं।

देवनानी बोले- सदन में एक-दूसरे का सम्मान करें, नहीं तो हमारे बच्चे भी हमारा सम्मान नहीं करेंगे

विधानसभा में गतिरोध दूर होने के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि मेरी राजनीति में रुचि नहीं थी, फिर भी राजनीति में आया तो हर किसी के साथ समानता का व्यवहार किया। स्पीकर बनने के बाद भी मैंने सबका ध्यान रखा। घर परिवार में भी यह होता है कि बड़े बेटे को लगता है कि छोटे का ज्यादा ध्यान रखते हो, यही सदन में भी होता है। उन्होंने कहा- पक्ष-विपक्ष को भी यह लग सकता है। पक्ष और विपक्ष के सभी विधायक भी नियम परंपराओं का ध्यान रखें। हम बड़ों और दायित्वों का सम्मान नहीं करेंगे तो हमारे बच्चे भी हमारा सम्मान नहीं करेंगे। अगर कोई बात हो तो मेरे चैंबर में आकार बात कर लीजिए, समाधान हो जाएगा।

इलेक्टोरल बॉन्ड पर 22 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई
याचिकाकर्ता की मांग- कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच हो, पार्टियों से पैसे वसूले जाएं

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने बॉन्ड के लेनदेन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। 22 जुलाई को इस पर सुनवाई होगी।

सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई करेगी। दोनों ह्वत्रह्व की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने यह याचिका लगाई है। कोर्ट याचिका स्वीकार कर ली है और कहा है कि इससे जुड़े अन्य याचिकाओं को भी साथ में सुना जाएगा। इलेक्टोरल

बॉन्ड का डेटा सामने आने के बाद यह याचिका लगाई गई है। इसमें दो मांगें रखी गई हैं। पहला- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच लेन-देन की जांच एसआईटी से कराई जाए। एसआईटी की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज करें।



भील प्रदेश बनाने का राजनीतिक प्रस्ताव पारित
एमपी-राजस्थान समेत 4 राज्यों के आदिवासी बांसवाड़ा पहुंचे, कहा- हम हिंदू नहीं हैं

बढ़ता राजस्थान

बांसवाड़ा। देश के 4 राज्यों के 49 जिले मिलाकर भील प्रदेश बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को लेकर गुरुवार को बासंवाड़ा के मानगढ़ धाम में आयोजित महारैली में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग राजस्थान के बांसवाड़ा स्थित मानगढ़ धाम पहुंचे। महारैली में भील प्रदेश बनाने का राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि वे हिंदू नहीं हैं। इस रैली में कई सांसद-विधायक भी शामिल हुए। मानगढ़ धाम आदिवासियों का तीर्थ स्थल है। राजस्थान सरकार भील प्रदेश की मांग पहले ही खारिज कर चुकी है। बांसवाड़ा से भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रोत ने कहा- भील प्रदेश की मांग नई नहीं है। बीएपी पुरजोर तरीके से यह मांग उठा रही है। महारैली के बाद एक डेलीगेशन राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से प्रस्ताव के साथ मुलाकात करेगा। मानगढ़ की महारैली में जुटे आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नंदलाल मीणा भाजपा के थे। वे वसुंधरा सरकार में जब जनजाति मंत्री बने तो भील प्रदेश की मांग उठाई थी।

राहुल गांधी कह चुके हैं कि देश के जंगल-जमीन के मालिक आदिवासी हैं। मानगढ़ की महारैली में जुटे आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नंदलाल मीणा भाजपा के थे। वे वसुंधरा सरकार में जब जनजाति मंत्री बने तो भील प्रदेश की मांग उठाई थी। राहुल गांधी कह चुके हैं कि देश के जंगल-जमीन के मालिक आदिवासी हैं।

सम्पादकीय

रूकने का नाम नहीं ले रहा हादसों का सिलसिला, आए दिन हो रही हैं रेल दुर्घटनाएं

देश के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह लगातार ट्रेन हादसों की घटनाएं हो रही हैं, उससे ऐसा लगता है मानो दुर्घटनाएं अब आम दिनचर्या का हिस्सा बन रही हैं और इसे लेकर प्रकारांतर से सहज होने की स्थितियां बन रही हैं। विचित्र है कि हर हादसे के सुर्खियों में आने और सवाल उठने के बाद सरकार यह घोषणा करने की औपचारिकता निभाना नहीं भूलती कि घटना की जांच की जाएगी, ऐसे उपाय किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा न हो। मगर फिर कुछ दिन बाद देश के किसी हिस्से से अन्य बड़ी रेल दुर्घटना की खबर आ जाती है और कभी भी रेल महकमे के मंत्री को जिम्मेदारी लेने की जरूरत नहीं महसूस होती।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में गुरुवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से पांच पलट गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम बीस अन्य के घायल हो गए। यह हादसा यही बताता है कि रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के सरकार के तमाम दावे महज आश्वासन भर हैं। ऐसा क्यों है कि एक ओर रेल महकमे को आधुनिक स्वरूप देने, उच्च तकनीकी से लैस करने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर पटरियों पर होने वाले हादसे रुक नहीं रहे हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर इसके कारणों को लेकर लंबी पड़ताल चलेगी और आम जनता को शायद ही पता चलेगा कि इसकी क्या वजह थी और इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया गया, क्या कार्रवाई हुई और इस संदर्भ में सरकार ने क्या ऐसे उपचारात्मक उपाय किए, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा फिर न हो।

अफसोस की बात यह है इस तरह की कवायदें सभी हादसों के बाद होती हैं, मगर कुछ समय बाद होने वाले हादसे सरकारी आश्वासनों की हकीकत बताने के लिए काफी होते हैं। ट्रेनों के आपस में टकरा जाने के अलावा हाल के दिनों में पटरियों पर से उतर जाने की घटनाएं जिस रफ्तार से बढ़ी हैं, उससे यह साफ है कि या तो किसी रूप में पटरियों से छेड़छाड़ की आपराधिक घटनाएं हो रही हैं या फिर रखरखाव के पहलू से रेल महकमा पर्याप्त निगरानी और मरम्मत का काम सुनिश्चित करने में नाकाम है।

आए दिन यह बताया जाता है कि रेल दुर्घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए आधुनिक तकनीकी का सहारा लिया जा रहा है। 'कवच प्रणाली' के जरिए ट्रेनों के आपस में टक्कर होने को पूरी तरह रोकने का दावा किया जाता है। मगर कुछ समय के अंतराल पर आमने-सामने या पीछे से ट्रेनों की टक्कर और उसमें लोगों के मारे जाने से कवच प्रणाली की सीमा का पता चलता है कि यह कितनी ट्रेनों को उपलब्ध कराया गया है या जिसमें है, उसमें कितना कारगर है। ट्रेनों की रफ्तार को और ज्यादा बढ़ाने को एक यात्री सुविधा के रूप में पेश किया जाता है, मगर पटरियों की गुणवत्ता का सवाल प्राथमिक नहीं होता। बुलेट ट्रेन या अन्य तेज रफ्तार ट्रेनों की व्यवस्था के दावे सुर्खियों में होते हैं, वहीं मौजूदा रेल-संचालन को भी यात्रियों के लिए पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जा पा रहा।

याद रखना, भूल ना जाना वतन पर मरने वालों को

कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच मई और जुलाई 1999 के बीच हुआ था। परवेज मुशर्रफ की सरपरस्ती में पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की ज़मीन पर कब्ज़ा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेज़ों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हो गया था कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्ज़े वाली जगहों पर हमला किया और धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमा पार घुसपैठ को छोड़, अपने वतन में वापिस जाने को मजबूर किया। कारगिल युद्ध ऊँचाई वाले इलाके पर हुआ था और भारतीय सेनाओं को पहाड़ियों के नीचे से लड़ने में काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

आर.के. सिन्हा

अब कुछ दिनों के बाद ही 26 जुलाई को सारा देश 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाएगा। उस युद्ध में भारतीय सेना ने सभी बाधाओं को पार करते हुए भारी बलिदान देते हुये भी कारगिल क्षेत्र के बर्फीले पहाड़ों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ दिया था। यह भारत का पहला टेलीविज़न युद्ध भी था जिसके दौरान टोलोलिंग और टाइगर हिल जैसे अज्ञात निर्जन शिखर सारे देश की जुबान पर आ गए थे।

परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था। अंततः 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इसलिए 26 जुलाई हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस करीब दो महीने तक चले युद्ध में भारतीय सेना ने लगभग 527 से अधिक वीर योद्धाओं को खोया था वहीं 1300 से ज्यादा घायल हुए थे। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। उन शहीदों के नाम कोई भी राजधानी के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में जाकर देख सकता हैं। उस जंग में दुश्मन के दांत खट्टे करने वाले शहीद कैप्टन अनुज नैयर की शौर्यगाथा को किसने नहीं सुना? राजधानी के दिल्ली पब्लिक स्कूल, धौला कुआं के छात्र रहे कैप्टन अनुज नैयर जाट रेजिमेंट में थे। कैप्टन अनुज नायर ने कारगिल जंग में टाइगर हिल्स सेक्टर में अपने साथियों के घायल होने के बाद भी मोर्चा सम्भाले रखा था। उन्होंने दुश्मनों को धूल में मिलाकर इस सामरिक चोटी टाइगर हिल्स को शत्रु के कब्जे से मुक्त करवाया था। अब बात करें कैप्टन हनीफुद्दीन की। कैप्टन हनीफुद्दीन राजपूताना राइफल्स के अफसर थे। कैप्टन हनीफुद्दीन ने कारगिल की जंग के समय तुरतुक में शहादत हासिल की थी। कारगिल के तुरतुक की ऊंची बर्फ से ढंकी पहाड़यों पर बैठे दुश्मन को मार गिराने के लिए हनीफुद्दीन ऊपर से हो रहे गोलाबारी के बावजूद आगे बढ़ते रहे थे।

उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 18 में कैप्टन विजयंत थापर मार्ग है। कैप्टन थापर कारगिल युद्ध में देश के लिए कुर्बानी देने वाले सबसे कम उम्र के जांबाज थे। जून 1999 में कैप्टन विजयंत थापर ने तोलोनिंग पहाड़ी पर विजय हासिल की और भारत का तिरंगा लहराया। ये तो छोटी सी शौर्य गाथाएं हैं हमारे कुछ वीरों की। ये और बाकी तमाम वीरों को इसलिए रणभूमि में अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा, क्योंकि परवेज मुशर्रफ पर एक तरह से पागलपन सवार था। अंततः उसका उसे नुकसान ही हुआ। आजादी के बाद देश की सेनाओं ने चीन के खिलाफ 1962 में और पाकिस्तान के खिलाफ 1948, 1965, 1975 और 1999 में जंग लड़ी। ये सारी लड़ाईयां हम पर थोपी गईं। हमने तो कभी आक्रमण किया ही नहीं। 1987 से 19990 तक श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान भारतीय शांति सेना के शौर्य को भी नहीं भुलाया जा सकता है। 1948 में 1,110 जवान, 1962 में सबसे ज्यादा 3,250 जवान, 1995 में 3,64 जवान, श्रीलंका में 1,157 जवान और 1999 में 522 जवान शहीद हुए। हमारी सेना में ऐसे जवानों की भी कमी नहीं है जो अलगाववादियों को पस्त करते हुए शहीद हुए। इस बीच, पिछले सप्ताह जम्मू कश्मीर में आतंकियों से लड़ते हुए शहीद पांचों जवानों के शव विगत मंगलवार को देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट लाए गए। उत्तराखण्ड की समृद्ध सैन्य परंपरा को अपने अदम्य साहस और पराक्रम से गौरवान्वित करने वाले अमर शहीदों की शहादत को कोटिशः नमन औरअश्रुपूरित श्रद्धांजलि। इन शहीदों में जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) समेत पांच जवान शहीद और पांच अन्य घायल हो गए थे। शहीद होने वाले जवानों में सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, नायक विनोद सिंह शामिल हैं।

गुस्ताखी माफ, कभी-कभी तो लगता है कि रणबांकुरों को लेकर समूचे भारतीय समाज का रुख ठंडा ही रहा है। इससे अधिक निराशाजनक बात क्या हो सकती है कि पाठ्यपुस्तकों में उन युद्धों पर अलग से अध्याय तक नहीं हैं, जिनमें हमारे जवानों ने जान की बाजी लगा दी। हमारे बच्चे आज भी मुगलों और अंग्रेजों के इतिहास ही पढ़ रहे हैं। हां, हम गणतंत्र दिवस और स्वाधीनता दिवस के मौके पर जवानों को याद करने की रस्म अदायगी जरूर कर लेते हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि पंजाब के लुधियाना शहर के मुख्य चौराहे पर 1971 की जंग के नायक शहीद फलाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेंखो की आदमकद मूर्ति के नीचे लगी पट्टिका को ही उखाड़ दिया गया। लुधियाना सेखों का गृहनगर था। उन्हें अदम्य साहस और शौर्य के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। यह सिलसिला यहीं नहीं थम जाता। मोदीनगर (उत्तर प्रदेश) में 1965 युद्ध के नायक शहीद मेजर आशा राम त्यागी की मूर्ति देखकर तो किसी भी सच्चे भारतीय का कलेजा फटने लगेगा। इस तरह से दिल्ली सरकार ने भी शायद ही कभी कोशिश की हो कि 1971 की जंग के नायक अरुण खेत्रपाल के नाम पर किसी सडक़ या अन्य स्थान का नामकरण किया जाए। मुग़ल और अंग्रेज शासकों के नाम पर सड़कों की भरमार है। कौन कहता है कि दिल्ली बेदिल है। ये अपने शूरवीरों को याद रखती है। अब बातें-याद करें मेजर (डॉ.) अश्वनी कान्वा की। वे भारतीय शांति रक्षा सेना (आईपीकेएफ) के साथ 1987 में जाफना, श्रीलंका गए थे। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के स्टुडेंट रहे थे मेजर अश्वनी कान्वा। हमेशा टॉपर रहे। मेजर कान्वा 3 नवंबर,1987 को अपने कैंप में घायल भारतीय सैनिकों के इलाज में जुटे हुए थे। उस मनहूस दिन शाम के वक्त उन्हें पता चला कि हमारे कुछ जवानों पर कैंप के बाहर ही हमला हो गया है। वे फौरन वहां पहुंचे। वे जब उन्हें फर्स्ट एड दे रहे थे तब छिपकर बैठे लिट्टे के आतंकियों ने उन पर गोलियां बरसा दीं। अफसोस कि दूसरों का इलाज करने वाले डॉ. मेजर कान्वा को फर्स्ट एड देना वाला कोई नहीं था। बेहद हैंडसम मेजर अश्वनी की शादी के लिए लड़की ढूंढी जा रही थी जब वे शहीद हुए। वे तब 28 साल के थे। आपको इस तरह के न जाने कितने ही उदाहरण मिल जाएँगे। ज़रूरत है कि वतन के लिए अपनी जान का नजराना देने वालों को सदा याद रखे भारत।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है।

वृष
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

मिथुन
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

कर्क
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंह
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है।

कन्या
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा। वाहन सुख मिलेगा।

तुला
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

वृश्चिक
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

धनु
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

मकर
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

मीन
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा।

शख्सियत

सबकी अपनी-अपनी चुनौतियां हैं-कोई उनसे लड़ता है कोई उनको देखकर दूर भागता है जो लड़ता है वो जीतता है जो भागता है वो हार जाता है यहीं जीवन का शास्वत सत्य है..

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम की सुपरस्टार है मनो चिकित्सक डॉ. प्रियंका शर्मा । 6 अक्टूबर सन 1984 को अलवर के बड़ौंद में जन्मी प्रियंका शर्मा ने चिकित्सक बनकर अपने परिवार और अपने खानदान का नाम रोशन किया इनकी प्रारंभिक शिक्षा कोटपूतली में हुई और सन 1994 में इनके पिताजी का ट्रांसफर अलवर हुआ। इन्होंने कक्षा 6 से दसवीं अलवर से ही शिक्षा ग्रहण की। स्कूल में शुरू से ही यह अव्वल नंबर पर थी लेकिन इनका विचार चिकित्सा क्षेत्र में नहीं बल्कि प्रशासनिक सेवाओं में जाने का था परंतु स्कूल में बास्केटबॉल खेलते समय बाएं हाथ पर चोट लगी और फिर सीधा नहीं हुआ उसके अलावा गले में एक निशान भी था जो पैदाइश के समय से ही दिखता था, तो पिताजी को लगा कि टीचर या डॉक्टर ज्यादा सुरक्षित भविष्य रहेगा बच्ची के लिए क्योंकि वह खुद भी विज्ञान के ही प्रोफेसर थे उसे समय यूपीएससी के लिए ना तो अलवर में कोई मार्गदर्शन उपलब्ध था और ना ही कोई कोचिंग। तीनों भाई बहन पढ़ रहे थे ऐसे में इनके लिए बाहर कोचिंग करना बहुत मुश्किल था व लगभग नामुमकिन ही था। पिताजी का सपना भी यही था कि ये बड़ी होकर डॉ. बने लेकिन परिवार में तीनों भाई बहनों में बड़ी होने के कारण पिता के आगे इन्होंने अपनी इच्छा त्याग कर उनकी इच्छा को सर्वोपरि रखकर चिकित्सा के क्षेत्र में पर्दापरण किया। 10वीं और 12वीं हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम से पास की और 2003 में अलवर से ही इनका चयन पीएमटी में हुआ नांदेड़ मेडिकल कॉलेज महाराष्ट्र से एमबीबीएस पूर्ण की आरपीएससी का फॉर्म भरा सब कहते थे अरे दो तीन साल में होगी तब तक हम लोग एचडी की तैयारी कर लेंगे परंतु पहली बार में ही आरपीएससी क्वालिफाइड हुई और 233 पर मेरिट लेकर ये आरपीएससी 2011 की राजकीय सेवा में आ गई पहली पोस्टिंग अकबरपुर पी.एस.सी पर ग्रामीण क्षेत्र में भौगोलिक दृष्टि से थोड़ा कठिन भी था। पर इनका पहला अनुभव बहुत शानदार रहा। 2013 में डॉ विनोद शर्मा रेडियोलॉजिस्ट के साथ विवाह बंधन में बनने के पश्चात 2013 से 2015 तक ततारपुर सामुदायिक केंद्र की इंचार्ज रही 2015 में अलवर महिला चिकित्सालय में मेडिकल ऑफिसर के रूप में ज्वाइन किया 2017 में दिन और रात ड्यूटी करने के बाद अपने एसएन मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया लेकर एमडी के सपने को बखूबी पूरा किया जबकि इनके ढाई साल की बिटिया हो चुकी थी। एमडी करना एक चेलेंज था और चैलेंज स्वीकार करना शुरू इनका टशन रहा क्योंकि ये बॉलीबॉल चेम्पियन रही हैं। । इनके माता पिता मेरे बच्चे के संरक्षण बने। एमडी पूर्ण करने के बाद 2020 में राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में पोस्टिंग हुई और मनो चिकित्सा विभाग की अलवर,भरतपुर, दौसा, खैरथल कोटपुतली बहरोड सवाई माधोपुर और धौलपुर में कार्य करने वाली पहली महिला मनोचिकित्सक बनी। यूं तो माता-पिता अपनी बच्चियों को बच्चियों की तरह ही पाल पोसकर परवरिश करते हैं लेकिन इनके पिता डॉ राजेश शर्मा ने इन्हे हर क्षण- हर पल साहस और विवेक के साथ चलना सिखाया। ठीक ऐसे ही इनके पति डॉक्टर विनोद भी इनके जीवन के बेहतर साथी साबित हुए दो बच्चों की मां बनने के बाद आज उनकी भी परवरिश करना । अस्पताल में मरीजों को सेवाएं देना और खाली समय में अपने शौक गाना गाना यह कविता पढ़ने में निकालती हैं लास्ट में उन्होंने अपने मन की बात बताई हैं कि ..सच बताऊं तो इस पूरे माहौल में एक अद्भुत आनंद की प्राप्ति होती है। कविताएं लिखना,नृत्य करना इस प्रकार के शौकों से मनुष्य जीवन जीता है ना कि काटता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

जय हिन्द

डॉ.प्रियंका शर्मा
(मनोचिकित्सक एमडी)

आज का इतिहास

19 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्कॉटी स्वतंत्रता युद्ध के दौरान हैलिडन पहाड़ी का युद्ध 1333 में हुआ जिसमें अंग्रेजो ने स्कॉटों पर निर्णायक जीत दर्ज की।
- प्रशिया के बर्लिन में 1510 को 38 यहूदियों को जिंदा जला दिया गया।
- 15 वर्षीय लेडी जेन ग्रे को 1553 में नौ दिनों के बाद इंग्लैंड की महारानी के रूप में अपदस्थ किया गया।
- किंग चार्ल्स के नेतृत्व में स्वीडन की सेना ने 1702 में चेक गणराज्य के क्रेकोव शहर पर कब्जा किया।
- बंगाल के नवाब मीर कासिम को कटवा की लड़ाई में 1763 को ब्रिटिश सेना ने बुरी तरह पराजित किया।
- चार्ल्स डार्विन 1836 में मैक्सिको के असेनसियान शहर पहुंचे।
- पहला महिला अधिकार सम्मेलन 1848में न्यूयॉर्क के सिनिका फॉल्स में आयोजित किया गया।
- ताइपिंग विद्रोह में 1864 को नानकिंग के तीसरे युद्ध में चीनी साम्राज्य ने अंततः ताइपींग को पराजित कर दिया।
- फ्रांस ने 1870 में प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- फ्रांस की राजधानी पेरिस में 1900 को पहली मेट्रो रेल चली थी। दुनिया की पहली मेट्रो सेवा लंदन में शुरू हो चुकी थी।
- प्रथम विश्व युद्ध फ्रोमेल्स के युद्ध में ब्रिटिश और आस्ट्रेलियाई सेना ने 1916 में जर्मन सेना पर हमला किया।
- फ्रांस में 1926 को एडवर्ड हेरियोट के नेतृत्व में दूसरी बार सरकार बनीं।
- एडोल्फ हिटलर ने 1940 में ग्रेट ब्रिटेन को आत्मर्समपण करने का आदेश दिया।
- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने 1941 में 'वी फॉर विक्टरी' अभियान शुरू किया।

विशेष आलेख

गुरु पूर्णिमा पर विशेष

ईश्वर-तुल्य गुरु जीवन को नया घाट देते हैं

ललित गर्ग



गुरु पूर्णिमा का भारतीय संस्कृति सर्वोपरि महत्व है, यह गुरु-पूजन का पर्व है। सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पर्व, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। गुरु एक ऊर्जा है, एक शक्ति है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिये पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषतः सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है, हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिये इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। इस दिन से ऋतु परिवर्तन भी होता है। इसदिन शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं और अपने गुरु को यथाशक्ति दक्षिणा, पुष्प, वस्त्र, उपहार आदि भेंट करते हैं। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है। यहां की माटी एवं जनजीवन में राह दिखाने वाले दीपक होते हैं ईश्वरतुल्य गुरु, क्योंकि गुरु न हो तो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग कौन दिखायेगा? गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं।

गुरु पूर्णिमा का त्योहार गुरु-शिष्य के आत्मीय संबंधों को सचेतन व्याख्या देता है। काव्यात्मक भाषा में कहा गया है- गुरु पूर्णिमा के चांद जैसा और शिष्य आषाढ़ी बादल जैसा। गुरु के पास चांद की तरह जीए गये अनुभवों का अक्षय कोष होता है। इसीलिये इस दिन गुरु की पूजा की जाती है इसलिए इसे 'गुरु पूजा दिवस' भी कहा जाता है। 'आचार्य देवोभवः' का स्पष्ट अनुदेश भारत की पुनीत परंपरा है और वेद आदि ग्रंथों का अनुपम आदेश है। ऐसी मान्यता है कि हरिशयनी एकादशी के बाद सभी देवी-देवता चार मास के लिए सो जाते है। इसलिए हरिशयनी एकादशी के बाद पथ प्रदर्शक गुरु की शरण में जाना आवश्यक हो जाता है। परमात्मा की ओर संकेत करने वाले गुरु ही होते है। गुरु की सन्निधि, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है। क्योंकि गुरु बिना न आत्म-दर्शन होता और न परमात्म-दर्शन। गुरु भवसागर पार पाने में नाविक का दायित्व निभाते हैं। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है- गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। हमारी प्राचीन गुरुकुल परम्परा एवं गुरुकुल संस्कृति ने महर्षि, तपस्वी, राष्ट्रभक्त, चक्रवर्ती सम्राट और जगद्गुरु तक के सुयोग्य महापुरुष उपलब्ध कराए हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी गुरु महिमा को सर्वोपरि माना है। जनकपुरी में ऋषि विश्वामित्र की सेवा इसका प्रमाण है। भारतीय संस्कृति में गुरु आश्रय रहित व्यक्ति को अत्यंत हेय माना गया है। हमारे देश के ऋषि-महर्षि, तीर्थंकर और महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर जैसी दिव्य विभूतियों ने गुरु पद से अपने उपदेशों से उदार भावना स्थापित की। भौतिकवादी युग में गुरु के प्रति आस्था में न्यूनता आई है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर वे लोग परेशान होते हैं जिनके कोई गुरु नहीं हैं कि वे किसकी पूजा करके आशीर्वाद प्राप्त करें। ऐसे लोगों की चिंता का समाधान तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में किया है कि ...जै जै जै हनुमान गोसाई, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। उन्होंने कहा है कि अगर किसी का गुरु नहीं है तो वह हनुमानजी को अपना गुरु बना सकता है। श्री गुरु चरण के स्मरण मात्र से ही आत्मज्योति का विकास हो जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु पद को सर्वोपरि माना गया है। गुरु एक तरह का बांध है जो परमात्मा और संसार के बीच और शिष्य और भगवान के बीच सेतु का काम करते हैं। इन गुरुओं की छत्रछाया में से निकलने वाले कपिल, कणाद, गौतम, पाणिनी आदि अपने विद्या वैभव के लिए आज भी संसार में प्रसिद्ध है। गुरुओं के शांत पवित्र आश्रम में बैठकर अध्ययन करने वाले शिष्यों की बुद्धि भी तदनुकूल उज्जवल और उदात्त हुआ करती थी। पाठ्य पुस्तकों में कुछ नीतिपरक श्लोकों को जोड़ने अथवा बच्चों को तोते की तरह गायत्री मंत्र रटाने या अंग्रेजी शैली में योग को 'योगा' करने से न तो चरित्र निर्माण होता है और न भावी पीढ़ी में ज्ञान का हस्तांतरण ही संभव है। ज्ञान तो गुरु से ही प्राप्त हो सकता है लेकिन गुरु मिलें कहां? अब तो ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं पर गुरु नदारद हैं। आज नकली, धूर्त, ढोंगी, पाखंडी, साधु-संन्यासियों और गुरुओं की बाढ़ ने असली गुरु की महिमा को घटा दिया है। असली गुरु की पहचान करना बहुत कठिन हो गया है। भगवान से मिलाने के नाम पर, मोक्ष और मुक्ति दिलाने के नाम पर, कुण्डलिनी जागृति के नाम पर, पाप और दुःख काटने के नाम पर, रोग-व्याधियां दूर करने के नाम पर और जीवन में सुख और सफलता दिलाने के नाम पर हजारों धोखेबाज गुरु पैदा हो गये हैं जिनको वास्तव में कोई आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है। जो स्वयं आत्मा को नहीं जानते वे दूसरों को आत्मा पाने का गुर बताते हैं। तरह-तरह के प्रलोभन देकर धन कमाने के लिए शिष्यों की संख्या बढ़ाते हैं। जिसके बाड़े में जितने अधिक शिष्य हों वह उतना ही बड़ा और सिद्ध गुरु कहलाता है। मूर्ख भोली-भाली जनता इनके पीछे-पीछे भागती है और दान-दक्षिणा देती है। ऐसे धन-लोलुप अज्ञानी और पाखंडी गुरुओं से हमें सदा सावधान रहना चाहिए। कहावत है कि 'पानी पीजै छान के और गुरु कीजै जान के।' योग दर्शन नामक पुस्तक में भगवान श्रीकृष्ण को जगतगुरु कहा गया है क्योंकि महाभारत के युद्ध के दौरान उन्होंने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया था। माता-पिता केवल हमारे शरीर की उत्पत्ति के कारण है लेकिन हमारे जीवन को सुसंस्कृत करके उसे सर्वांग सुंदर बनाने का कार्य गुरु या आचार्य का ही है। पहले गुरु उसे कहते थे जो विद्यार्थी को विद्या और अविद्या अर्थात आत्मज्ञान और सांसारिक ज्ञान दोनों का बोध कराते थे लेकिन बाद में आत्मज्ञान के लिए गुरु और सांसारिक ज्ञान के लिए आचार्य-ये दो पद अलग-अलग हो गए। भारत के महान् दार्शनिक ओशो ने जब यह कहा कि हमारी शिक्षण संस्थाएं अविद्या का प्रचार कर रही हैं तो लोगों ने आपत्ति की लेकिन वे बात सही कह रहे थे। आज हमारे विद्यालयों में ज्ञान का नहीं बल्कि सूचनाओं का हस्तांतरण हो रहा है। विद्यार्थियों का ज्ञान से अब कोई वास्ता नहीं रहा इसलिए आज हमारे पास डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, न्यायाधीश, वैज्ञानिक और वास्तुकारों की तो एक बड़ी भीड़ जमा है।

सभी के सम्मिलित प्रयासों से क्षेत्र बने हरा-भरा व खुशहाल : जिला कलक्टर सत्यानी

जिला कलक्टर ने आपणी योजना कार्यालय व जिले के राजलदेसर स्थित गौशाला में किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश शर्मा)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित आपणी योजना कार्यालय तथा जिले के राजलदेसर स्थित श्रीराजलदेसर गौशाला में पौधरोपण कर आमजन से पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

आपणी योजना कार्यालय में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि हम सभी मिलकर पौधरोपण करें और परिवेश को हरा-भरा रखने का संकल्प लें। सभी के सम्मिलित प्रयासों से हम क्षेत्र को हरा-भरा व खुशहाल रख सकेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयासों में प्रत्येक व्यक्ति की समुचित भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता ने

प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम दोहन किया है। इसलिए अब मानव सभ्यता के कल्याण व स्वस्थ सर्वाइवल के लिए आवश्यक है कि प्रकृति के प्रति हम हमारी जिम्मेदारी का निर्वहन सुनिश्चित करें। प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति आवश्यक रूप से इस वर्षा ऋतु में कम से कम एक पेड़ लगाए व उसकी समुचित देखभाल की जिम्मेदारी ले। प्रकृति के प्रति समर्पित रहकर हमें प्राकृतिक संसाधनों को सहेजना होगा। साथ ही पेड़, पौधों की समृद्ध संपदा को और अधिक विकसित करना होगा। एडीएम उत्तमसिंह शेखावत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने स्वयं व परिवार के समृद्ध स्वास्थ्य की कामना करता है, तो उन्हें पौधे लगाकर उसके सर्वाइवल की जवाबदेही लेनी होगी। हम सभी संकल्प लेकर इस वृक्षारोपण अभियान में आगे आएं और प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें। इस अवसर पर जिला कलक्टर सत्यानी, एडीएम शेखावत सहित कलक्ट्रेट स्टाफ ने व्यापक स्तर पर पौधरोपण कर समुचित देखभाल की जिम्मेदारी ली। आपणी योजना कार्यालय में पीपल, शीशम, अरडू, बरगद, नीम, गुलमोहर, शिरीष सहित विभिन्न प्रजातियों के करीब 100 पौधे लगाए गए हैं।

इस दौरान डीएफओ भवानी सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, एपीआरओ मनीष कुमार, चूरू नगरपरिषद एक्सईएन पूर्णिमा यादव, रेंजर दीपचंद यादव, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, एईएन पूनम, दीपक शर्मा, गौरव शर्मा, विकास महर्षि, संदीप गढ़वाल, रेंजर रणवीर सिंह, पीएचईडी एक्सईएन प्रेम कुमार, गोविंद राहड़, सुनील बुडानिया, अजय, विकास, सहित कलक्ट्रेट स्टाफ ने वृक्षारोपण किया।

रेलवे में बायो टॉयलेट-पटरी/प्लेटफार्म से गंदगी हटने के साथ ही हैं पर्यावरण अनुकूल

उत्तर पश्चिम रेलवे की सभी गाड़ियों के डिब्बों में लगाए गए 11000 बायो टॉयलेट

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा(सीएल गोठवाल)। भारतीय रेलवे द्वारा ट्रेनों और आसपास के वातावरण को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिये डिफेन्स रिसर्च एवम् डेवलपमेंट संस्थान के तकनीकी सहयोग से सभी ट्रेनों के सवारी डिब्बो मे बायो टॉयलेट लगाने का कार्य किया गया है।उत्तर पश्चिम रेलवे की सभी सवारी गाड़ियों के डिब्बों में लगभग 11000 बायो टॉयलेट लगा दिए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार परंपरागत टॉयलेट से स्टेशनों एवं रेलवे ट्रैक पर अत्यधिक गंदगी को देखते हुए वर्ष 2013 से डिफेन्स रिसर्च एवम् डेवलपमेंट संस्थान के तकनीकी सहयोग से सभी ट्रेनों के सवारी डिब्बो मे बायो टॉयलेट लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। बायो-टॉयलेट एक संपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन समाधान है जो बैक्टीरिया इनोकुलम की मदद से ठोस मानव अपशिष्ट को बायो-गैस और पानी में बदल देता है। समय समय पर आवश्यकतानुसार मात्रा कम होने पर इन बैक्टीरिया को बायो टैंक मे डाला जाता है। बायो-टॉयलेट का बचा हुआ पानी रंगहीन, गंधहीन और किसी भी ठोस कण से रहित होता है। इसके लिए किसी और उपचार/अपशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता नहीं होती है, जिससे वातावरण पर्यावरण अनुकूल रहता है। बायो-टॉयलेटके प्रयोग से रेल लाइन पर अपशिष्ट पदार्थ एवं पानी नहीं गिरता है, जिससे जंग आदि की समस्या नहीं होने से रेलवे ट्रैक की गुणवत्ता एवं उम्र में बढ़ती है। बायो-टॉयलेटके प्रयोग सेकोच मेंटेनेंस स्टाफ को भी डिब्बे के नीचे अंडर फ्रेम में

कार्य करते समय गंदगी और बदबू से राहत मिलती है। कैप्टन शशि किरण के अनुसार समय-समय पर इन बायोटॉयलेट के उन्नयन हेतु भी प्रयास किये जा रहे हैं। इन बायो टॉयलेट के उपयोग के दौरान यात्री फीडबैक एवं अन्य समस्याओं को दूर करते हुए कई बदलाव किये गए हैं जैसे की 'पी' ट्रैप को 'एस' ट्रैप मे बदला गया है, इससे शौचालयों मे वाटर सील बन जाती है जिसके कारण बदबू की समस्या नहीं रहती है। साथ ही उचित वेंटिलेशन की भी व्यवस्था की गई है। चलती गाडियों मे इन शौचालयों मे आने वाली समस्या के तवरित निदान हेतु प्रशिक्षित कर्मचारियों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात किया जाता है। शौचालयों मे कूड़ेदान की व्यवस्था भी की गयी हे ताकि कचरे का निपटान ठीक प्रकार से हो एवं बायो टॉयलेट चॉक न हो।

कृषि उद्यमों की 5 गतिविधियों में श्रेष्ठ कृषकों को मिलेगा कृषक पुरस्कार, पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार व जिला स्तर पर मिलेगी 25 हजार रुपए पुरस्कार राशि

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश शर्मा)। कृषि उन्नति योजना के कृषि विस्तार पर उप मिशन 'आत्मा' योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में राज्य, जिला एवं पंचायत समिति स्तर पर विभिन्न कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ कृषकों को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2024 निर्धारित की गई है। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) दीपक कपिला ने बताया कि इस वर्ष आत्मा कृषक पुरस्कार हेतु प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर 5 कृषकों का चयन अलग-अलग गतिविधियों हेतु किया जाएगा। चूरू जिले हेतु कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन-डेयरी, जैविक खेती एवं नवाचारी खेती आदि पांच उद्यमों का चयन किया गया है। प्रत्येक गतिविधिवार पंचायत समिति स्तर पर कुल 5 कृषकों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति स्तर पर चयनित कृषकों मे से प्रत्येक गतिविधि हेतु 2 सर्वश्रेष्ठ कृषकों को जिला स्तर पर चयनित किया जाएगा तथा प्रदेश के समस्त जिलों से चयनित कृषकों में से राज्य स्तर पर प्रथम स्तर पर 5 एवं द्वितीय स्तर पर 5 सर्वश्रेष्ठ कृषकों का चयन होगा। कपिला ने बताया कि पंचायत समिति स्तर हेतु प्रति कृषक प्रति गतिविधि 10000 रुपए, जिला स्तर पर प्रत्येक गतिविधिवार दो-दो कृषकों का चयन करते हुए 25000 रुपए प्रति कृषक एवं राज्य स्तर पर राशि 50000 रुपए की पुरस्कार राशि का प्रावधान किया गया है।

महिला अपने छह वर्षीय बेटे के साथ ट्रेन के आगे कूदी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। दौसा के सदर थाना इलाके में शुक्रवार देर शाम को एक महिला ने अपने छह वर्षीय बेटे के साथ ट्रेन के आगे छलांग लगाकर जान दे दी। सूचना पर जीआरपी और सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने मां-बेटे के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। एएसआई विजयपाल सिंह ने बताया कि हादसा सदर थाना क्षेत्र में जयपुर-आगरा बाईपास पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास हुआ था। जहां एक महिला और बच्चे के ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचे तो ट्रैक के पास महिला व बच्चे का लहूलुहान शव पड़ा हुआ मिला। महिला की पहचान पुरोहितों का बास गांव की हीरावाली ढाणी निवासी सुनीता मीणा (27) के रूप में हुई तथा मृतक बच्चे छह वर्षीय निर्मल मीणा ने स्कूल की यूनिफॉर्म पहनी हुई थी। पुलिस जानकारी में सामने आई है कि महिला का पीहर जिले के बसवा क्षेत्र में है और उसका पति रेलवे में ग्रुप डी में नौकरी करता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (नि.स.)। उपखंड के हरसौरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमीन के विवाद को लेकर मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने जमीन के विवाद को लेकर चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से जान से मारने की कोशिश की गई थी। हरसौरा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि 21 जून को अधीरा छींड में जमीन के विवाद को लेकर चचेरे भाई को जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से मारपीट की गई गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। हरसौरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक बसावन उर्फ कालू गुर्जर निवासी अधीरा छींड को आज गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी युवक से कुल्हाड़ी बरामद की है।

ग्राम पंचायत मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान शी रिप्रेन्ट्स 2024 से सम्मानित

2030 तक हर सुविधा से लैस होगा मण्डावर

बढ़ता राजस्थान

कपासन(नि.स.)। समीपवर्ती जिला राजसमंद की ग्राम पंचायत मण्डावर की सरपंच प्यारी कुमारी चौहान को शी रिप्रेन्ट्स 2024 से सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम में देशभर से चयनित 40 प्रगतिशील महिला सरपंचो द्वारा भाग लिया गया।इस साप्ताहिक समारोह में महिला राजनीति संभावनाओं,चुनोतियों,समाधान,गुड पॉलिटिक्स, ग्राम विकास की चुनोतियां,2047 में गांवों की अवधारणा,वितीय प्रबंधन,शैक्षिक माहौल,रोजगार संभावना जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी।साथ ही देश के 40 गांवों के सूचीबद्ध विशिष्ट कार्यो को समस्त 40 गांवों में नवाचार रूप में करने की कार्य योजना तैयार की गयी।उक्त समारोह का 40 गांवों को 2030 तक हर सुविधा से लैस बनाने की प्रतिबद्धता के साथ समापन किया गया।

समाजसेवी और चिकित्सक डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी की माता का देवलोक गमन

स्वर्गीय जानकी बाई के तीये की बैठक में शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे समाजसेवी, राजनेता, चिकित्सक गणमान्य लोग

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। समाजसेवी और चिकित्सक डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी के माता का देवलोक गमन होने के बाद शुक्रवार को रामपुरा स्थित सरावगी का नोहरा में तीसरे की रसम अदा की गई।स्वर्गीय जानकी बाई धर्मपत्नी मोहनलाल सेव वाले रामपुरा कोतवाली निवासी की तीये की बैठक में ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष,समाजसेवी हरिकृष्ण बिरला, चैयरमेन उपभोक्ता होलसेल भंडार ,वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता, शांतिधारीवाल पूर्व कैबिनेट मंत्री, राकेश जैन मडिया भाजपा जिला अध्यक्ष,जगदीश जिंदल महामंत्री प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी, प्रतिपक्ष नेता लव शर्मा,समाज सेवी अरुण भार्गव,पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल,भारतीय जनता युवा मोर्चा, उप महापौर पवन मीणा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन,अखिल भारतीय

अग्रवाल सम्मेलन,कोटा,माली सैनी के संगठन,अधीक्षक न्यू मेडिकल कॉलेज आर पी मीना,अधीक्षक एमबीएस धर्मराज मीना, रामपुरा व्यापार संघ, फनीचर मार्केट व्यापार संघ, सुधा मेडिकल कॉलेज,हाड़ोती हलवाई केटर्स संघ,श्री श्याम मित्र मंडल ,रामधाम सेवा आश्रम ट्रस्ट अयोध्या कोटा,जन कल्याण परिषद,निशक्त जन परिषद कोटा, शहर के कई संयुक्त निदेशक डॉ एम पी सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक अशोक शारदा, डॉ बी एल गोचर, गोपाल सिंह भाटी,संजय जैसवाल केवल डंग, अमित व्यास , डॉ गिरधर गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता,पार्षद गण, प्रबुद्धजन,सर्व समाज और माली समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा शोक संदेश के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुख की घड़ी में कई गणमान्य लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंचे और स्वर्गीय जानकी बाई की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। स्वर्गीय जानकी बाई अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है।

धार्मिक अनुष्ठान एवं 51 फिट का भगवा ध्वज फहराने के साथ मुंगाणा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

कपासन(नि.स.)। क्षेत्र में स्थित श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाणा में गणपति स्थापना एवं अम्बे पूजन के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया।जिसमे अखंड श्री रामचरित मानस पाठ प्रारंभ हुआ।साथ ही सैकड़ों संतो की उपस्थिति में श्री चेतन वेद गुरुकुल के बटूको का यज्ञोपवित मुण्डन कर्ण वेदन वेदारंभ संस्कार कराया गया। इधर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आगंतुक हजारों भक्तों के लिए महाप्रसाद बनना प्रारंभ हो गया है।यहां मौसम परिवर्तन के मद्देनजर भक्तो द्वारा माकूल व्यवस्थाओं का प्रबंधन किया जा रहा है।इस दौरान महंत चेतनदास

महाराज द्वारा बटुको को आर्शीवाद तथा संत अनुजदास महाराज द्वारा वेदारंभ व यज्ञोपवित के नियमों की जानकारी प्रदान की गयी।इस मौके पर 51 फिट का भगवा ध्वज फहराया तथा सांयकाल परशुराम रामायण मण्डल द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ किया गया।साथ ही चतुर्दशी प्रात: संतो की महाप्रसादी व सांयकालीन गुरु महिमा व भजन संध्या के साथ रात्रि जागरण का आयोजन किया जायेगा।यहां 21 जुलाई को विशाल शोभायात्रा व गुरु पूजन के साथ कंठी व महाप्रसादी का आयोजन होगा।

जांगिड़ ब्राह्मण समाज की महासभा सभा कल

बढ़ता राजस्थान

निवाई,(का.स.)। निवाई उपखंड मुख्यालय स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर पर रविवार दिनांक 21 जुलाई 2024 को प्रात: 11:00 बजे अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा निवाई द्वारा एक आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जांगिड़ ब्राह्मण समाज के रामनवमी पर आयोजित हुए पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में समस्त समाज बंधुओ का अपार सहयोग प्राप्त हुआ था और सामूहिक विवाह सम्मेलन सकुशल संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का हिसाब किताब भी तैयार हो चुका है। जो सम्मेलन के पदाधिकारी तहसील सभा एवं समाज बंधुओ के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन की शेष बची राशि का समाज के विकास कार्यों में सदुपयोग हो। इसलिए आप सभी जांगिड़ बंधु समय पर सभा स्थल पर पहुंचकर अपने सुझाव एवं सहयोग देकर सभा को सफल बनाएं।

सांसद और जिला कलक्टर ने किया रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। सांसद सीपी जोशी और जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शुक्रवार को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड की साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, व्यवस्थाओं को सुधारने और यात्रियों को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद और जिला कलक्टर ने बस स्टैंड के नवीनीकरण को लेकर रोडवेज के अधिकारियों से चर्चा की एवं इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबंधक राकेश सारस्वत, नगर परिषद आयुक्त रविंद्र यादव, पूर्व उप जिला प्रमुख मिट्ठू लाल जाट, रोडवेज के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश कुमार सेन, पुत्रः** राम अवतार सेन, **निवासीः** तेलियोकी गली, कल्याण का चौक, टोडा राय सिंह, टोंक, राजस्थान, ने **FIR No. 490/2011, U/s 420/468/ 471 IPC & 12 Passport Act, पुलिस स्टेशन आई.जी.आई. हवाई अड्डा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश कुमार सेन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश कुमार सेन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 490/2011, U/s 420/468/ 471 IPC & 12 Passport Act, पुलिस स्टेशन आई.जी.आई. हवाई अड्डा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश कुमार सेन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अभिषेक कुमार
अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट-01,
कोर्ट नं.-2, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9187/IGIA/2024
(Court Matter)

किसान महापंचायत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (नि.स.)। क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन परेशान है। रात के समय हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर किसान महापंचायत ने एसडीएम रविकांत सिंह को ज्ञापन सौंप कर बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। किसान महापंचायत के प्रदेश सचिव कैलाश चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को रात के समय हो रही लगातार बिजली कटौती को बंद करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। चौधरी ने बताया कि बिजली कटौती से भीषण गर्मी से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग दिन में खेती बाड़ी और मजदूरी का काम करते हैं और

रात को बिजली कटौती होने से रात भर बिजली का इंतजार करते रहते हैं। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का फ़ोन बंद रहता है। बिजली कटौती से पानी की सप्लाई भी बाधित होती है। बिजली कटौती को लेकर किसान महापंचायत के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि कटौती बंद नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर किसान महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, पुर्ण बुरा, हवासिंह सहित सदस्य मौजूद रहे।

कार्यालय अधिशषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग खण्ड टोंक

क्रमांक अअ टोंक/जन.स्वा./निविदा/2024-25/2446-2452 दिनांक 16.07.2024

निविदा सूचना 42-44/2024-25 के लिये नोट प्रकाशन

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीनस्थ निम्न कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा में अंकित दिवस तक किसी भी कार्य दिवस को निविदा शुल्क राशि नकद जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्रों का निविदा शुल्क खजांची को नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट से धरोहर राशि के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। अन्यथ निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

निविदा का कार्य	:	खण्ड टोंक के अधीन विभिन्न कार्य
NIB UBN No.	: :	PHE2425A1324 1. PHE2425WSRC02903, 2. PHE2425W5RC02905 3. PHE2425WSRC02906
निविदा बेचने की तारीख	:	16.07.2024 से 01.08.2024 सायं 6.00 बजे तक
निविदा शुल्क जमा कराने की तारीख	:	16.07.2024 से 01.08.2024 सायं 6.00 बजे तक
धरोहर राशि जमा कराने की तारीख	:	02.08.2024 सायं 3.00 बजे
निविदा प्राप्त करने की तारीख	:	02.08.2024 सायं 3.00 बजे
निविदा खोलने की तारीख	:	02.08.2024 सायं 3.00 बजे

संवेदक Rajasthan Public Procurement Portal वेबसाईट से उक्त निविदा का विवरण प्राप्त कर सकते है।

अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
खण्ड टोंक

सीटीओ ब्लॉकेज की एंजियोप्लास्टी वर्कशॉप में कार्डियोलॉजी एक्सपर्ट्स को दिया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। तेजी से बढ़ रही हृदय संबंधित समस्याओं में सीटीओ (क्रॉनिक टोटल ऑक्लूजन) भी काफी देखने को मिल रहा है। इसकी काफी जटिल माने जाने वाले इस ब्लॉकेज की एंजियोप्लास्टी भी बहुत मुश्किल होती है। सीके बिरला हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग ने सीटीओ (क्रॉनिक टोटल ऑक्लूजन) वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में देश के चुनिंदा युवा कार्डियोलॉजी एक्सपर्ट्स को अति जटिल माने जाने वाली सीटीओ एंजियोप्लास्टी करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्कशॉप के समन्वयक डॉ. अमित गुप्ता ने बताया कि सीटीओ हार्ट की कोरोनरी आर्टरी में पुराना ब्लॉकेज होता है, जो काफी समय से बंद होता है। यह ब्लॉकेज 100 प्रतिशत बंद होता है और लक्षण आने के कम से कम 3 महीने पहले से ही बंद हो चुका होता है। इस प्रकार की एंजियोप्लास्टी करना बहुत कठिन होता है, क्योंकि सीटीओ के केस में ब्लॉकेज बहुत कठोर होता है और सामान्य वायर और बैलून उसमें नहीं जा पाते। इसके लिए स्पेशलाइज्ड वायर का उपयोग किया जाता है, जो इस कठोर ब्लॉकेज में प्रवेश कर सकते हैं। वर्कशॉप के प्रोक्टर डॉ संजीब राय ने बताया कि सीटीओ ब्लॉकेज के कारण रक्त प्रवाह दूसरी आर्टरी से होने लगता है, इसलिए सीटीओ के केस के दौरान दूसरी आर्टरी को भी शामिल करना पड़ता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि वायर की स्थिति सही है और केस में कोई हानि नहीं होगी।

इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने में दो से तीन घंटे का समय लगता है और इसमें 80 से 85 प्रतिशत मामलों में सफलता प्राप्त होती है। वर्कशॉप में 4 मुश्किल केसेज को एक दिन में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस दौरान अन्य कार्डियोलॉजिस्ट्स भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी को सीखा। रोज़ाना लगभग 30 प्रतिशत केस सीटीओ से जुड़े होते हैं, जिससे इस प्रशिक्षण की महत्ता और भी बढ़ जाती है।

गुरू-पूर्णिमा महोत्सव कल

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। संत श्री विनोद कृष्ण के द्वारा बताया कि श्री निम्बार्क कृष्ण बिहारी मन्दिर, सेवाकुंज आश्रम, सेक्टर-23, प्रताप नगर, जगतपुरा, महल रोड़, जयपुर में सद्गुरूदेव भगवान श्रीश्री 1008 श्री कल्याणदास जी महाराज का व्यास पुजन गुरू-पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। दिनांक 21.07.2024 वार रविवार आषाड़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा प्रात: 10.00 बजे से प्रारम्भ होगा, एवं रंगत-पंगत प्रसादी दोपहर 11.00 बजे से 3.00 बजे तक इस के बाद साय: 5.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक, व्यवस्था रखी गई है।

सदन में राजपूतों पर की गई गलत टिप्पणी पर राजपूत समाज में नाराजगी : कालवी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। कुआं ठाकुर का, विधानसभा राजस्थान की, वाल्मीकि की कविता से हरीश चौधरी की ओर से सदन में दिए गए बयान पर राजपूत समाज ने नाराजगी जाहिर की है। जहां शुक्रवार को जयपुर में कांग्रेस के सीनियर नेता हरीश चौधरी द्वारा सदन में राजपूत समाज पर की गई टिप्पणी को लेकर श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी ने कहा कि ऐसा कोई नेता नहीं है जो राजपूतों पर टिप्पणी किए बगैर विधानसभा,लोकसभा पहुंचा हो। नेताओं के पास एक ही सीढ़ी है जिसके माध्यम से विधानसभा और लोकसभा पहुंचा जा सकता है। प्रताप सिंह कालवी ने कहा कि हरीश चौधरी के बयान की राजपूत समाज कड़ी निंदा करता है और सभी पार्टी को चेतावनी देता है कि अगर इस तरह से राजपूत समाज को लेकर टिप्पणियाँ होती रहेगी तो राजपूत समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। कालवी ने यह भी कहा कि वह राजस्थान समेत पूरे भारत देश का एक दौरा करेंगे। जिसमें जाति-समाज पर ऐसी की गई टिप्पणियों को लेकर कुछ काम करेंगे। साथ ही श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक कालवी साहब के मूल उद्देश्य, विचारधारा को वापस लाने का काम भी किया जायेगा।

कांग्रेस नेता हरीश चौधरी ने विधानसभा में क्या कहा : बजट अभिभाषण पर बोलते हुए पूर्व मंत्री और बायतु से विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि इसमें सिर्फ राजा-रजवाड़ों की बात की गई है। गरीब लोगों के लिए बजट में कुछ नहीं है। हरीश इसके बाद ओम प्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुआं कविता पढ़ने लगे।हरीश चौधरी ने सदन में कविता पढ़ते हुए कहा कि चूल्हा मिट्टी का, मिट्टी तालाब की, तालाब ठाकुर का, भूख रोटी की, रोटी बाजरे की, बाजरा खेत का, खेत ठाकुर का, बैल ठाकुर का, हल ठाकुर का, हल की मूठ पर हथेली अपनी, फसल ठाकुर की, कुआं ठाकुर का, खेत-खलिहान ठाकुर के, आपके लिए क्या है? गांव, शहर और देश बजट को देखकर तो लगता है कि यह बड़े-बड़े महल और ठाकुरों के लिए है।

हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में मुख्यमंत्री करेंगे एक पेड़ गौमाता के नाम अभियान का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर की ओर से संचालित श्री कृष्ण-बलराम गौ सेवा ट्रस्ट हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में 18 हजार से ज्यादा गौवंश की सेवा की जा रही है। वर्ष 2016 से गौ सेवा के क्षेत्र में ट्रस्ट का बहुत बड़ा योगदान रहा है,समाज की सेवा करने और पर्यावरण को सुरक्षित करने करने के लिए केंद्र में शनिवार को को एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ गौमाता के नाम' का आयोजन राजस्थान सरकार के गोपालन विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने कर कमलों से हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में पांच हजार से ज्यादा वृक्षों का रोपण करेंगे। इस विशाल कार्यक्रम का शुभारम्भ शनिवार सुबह दस बजे होगा। वृक्षारोपण के बाद मुख्यमंत्री गौ माता को चारा खिलाएंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि भी गौ माता के नाम से पौधरोपण करेंगे,साथ ही उन्हें चारा खिलाकर पुण्य प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम में जयपुर के कई स्कूलों के बच्चे भी शामिल होंगे और गौ माता का आशीर्वाद लेंगे।

छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आम आदमी पार्टी का समर्थन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान में छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आम आदमी पार्टी ने भी समर्थन किया हैं। छात्र संघ चुनाव पुन: शुरू करवाने की मांग को लेकर जयपुर लोकसभा अध्यक्ष अर्चित गोयल के नेतृत्व में आप प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर जिला कलेक्टर से मुलाकात की और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। आम आदमी पार्टी के लीगल विंग उपाध्यक्ष अमित शर्मा लियो ने बताया यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रों से छात्र संघों चुनाव को लेकर प्रति छात्र 145 रुपये छात्र संघ चुनाव एवं 110 रुपये सदस्यता शुल्क के रूप में वसूले जा रहे हैं। बावजूद इसके चुनाव नहीं करवाए जा रहे तो यह एक तरह से अनैतिक एवं गैर कानूनी है। जब भाजपा विपक्ष में थी तो छात्र संघ चुनावों के समर्थन में खूब बोलती थी। जब भाजपा सत्ता में आई तो छात्र संघ चुनाव पर खामोश क्यों हैं इसका जवाब प्रदेश सरकार को देना चाहिए। आप नेता राजपाल फोगावत ने भी भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि छात्र संघ चुनावों की मांग कर रहे मासूम छात्रों पर बर्बरता से लाठीचार्ज करना बेहद निंदनीय हैं। आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई सीवाईएसएस छात्रों के समर्थन में आंदोलन शुरू करेगी। इस दौरान आप नेता मोहम्मद राशिद एवं अशोक मेघवाल भी मौजूद रहे।

परमार्थ भवन पर होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। परमपिता परमेश्वर की असीम अनुकम्पा एवम् परम श्रद्धेय संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज के आशीर्वाद से रविवार, 21 जुलाई 2024 को कटेवा नगर स्थित परमार्थ भवन पर कोकिल सत्संग समिति तथा परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा (व्यास पूजा) महोत्सव 2024 का विशाल आयोजन होने जा रहा है। समारोह की विस्तृत जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक श्री आर के अग्रवाल एवम् अध्यक्ष श्री श्याम विजय ने हमारे संवाददाता को बताया कि उपरोक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम में गुरुदेव के शिष्य, सम्पूर्ण भारतवर्ष से पधारेंगे एवम् वृन्दावन से पधारे हुए संगीतज्ञों द्वारा भक्तिरस से परिपूर्ण रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

शादी का झांसा देकर सहकर्मी ने किया युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। शिवदासपुरा थाना इलाके में एक सहकर्मी ने शादी का झांसा देकर युवती दुष्कर्म किया। शादी का झांसा देकर दो साल तक रेप करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पीडित ने पुलिस की शरण ली। मामले की जांच एसीपी चाकसू सुरेंद्र सिंह कर रहे है। पुलिस ने बताया कि करौली निवासी 32 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह जयपुर में रहकर एक कंपनी में जॉब करती है। कंपनी में उसके साथ विजय गुर्जर भी जॉब करता है। आरोप है कि साथ काम करने के चलते एक-दूसरे से बातचीत होती रहती थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे प्यार के जाल में फांस लिया। गोनेर मोड स्थित एक होटल में ले जाकर जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। करीब 2 महीने तक उस होटल में रखकर देहशोषण करता रहा। पिछले दो साल से प्रताप नगर में लिव-इन-रिलेशनशिप में रखकर देहशोषण किया।

शादी करने का दबाव डालने पर आरोपी ने मना कर जान से मारने की धमकी दी। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ शिवदासपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उन्नीस साल से वांछित बीस हजार के इनामी को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बांसवाड़ा जिले के थाना कोतवाली इलाके से एक युवती के अपहरण के मामले में उन्नीस साल से फरार चल रहे आरोपी भगवान सिंह उर्फ भगवान माली (45) निवासी सारोला (जिला झालावाड़) को कोटा के आरके पुरम थाना क्षेत्र से पकड़ा है। आरोपी की गिरफ्तारी पर बीस हजार का इनाम घोषित है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को उन्नीस साल से फरार आरोपी भगवान सिंह उर्फ भगवान लाल माली के संबंध में सूचना मिली कि आरोपी अपना गांव छोड़कर कोटा के आर के पुरम थाना इलाके में काम करता है। इस सूचना पर टीम को आरके पुरम थाना क्षेत्र से आरोपी भगवान लाल माली उर्फ भगवान सिंह (45) को डिटेन किया। जिसे थाना पुलिस की निगरानी में रख बांसवाड़ा जिले की कोतवाली पुलिस को सूचित कर दिया गया है। पकड़ा गया आरोपी 22 वर्ष की आयु में बांसवाड़ा से एक युवती का अपहरण कर झालावाड़ ले आया था। मामला दर्ज होने के उपरांत बांसवाड़ा पुलिस ने युवती को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। एडीजी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल महेश कुमार, नरेंद्र सिंह एवं महावीर सिंह की इस संपूर्ण कार्रवाई में विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल रविंद्र सिंह, राकेश जाखड़ व कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार का तकनीकी सहयोग रहा। गिरफ्तारी में थाना आरके पुरम के एसएचओ अजीत बागडोलिया मय टीम एवं झालावाड़ के हैड कांस्टेबल सरदार सिंह का सहयोग रहा।

राजस्थान विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल खेल में पहली बार दो खिलाड़ियों का 7वें एशियन यूनिवर्सिटी गेम्स के लिये भारतीय टीम में चयन हुआ। राजस्थान विश्वविद्यालय की खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया की राजस्थान विश्वविद्यालय के महावीर एवं हरिराम चौधरी ने इस प्रतियोगिता में चयन होने से पूर्व बास्केटबॉल की कई विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना वर्चस्व दिखाया है। साल 2023-24 में राजस्थान विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल (पुरुष) टीम ने पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में रजत पदक एवं खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी अपना प्रतिनिधित्व किया है। इसी बॉस्केटबाल टीम के इन दोनो खिलाडियों ने इन प्रतियोगिताओं अलावा स्टेट एवं नेशनल प्रतियोगिताओं में भी पदक प्राप्त किये। इन खिलाडियों के सतत् प्रयास एवं अभ्यास की वजह से ही कलिंगा विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में हुयी सलेक्शन ट्रायल से दोनो खिलाडियों का भारतीय टीम में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय की बॉस्केटबाल टीम के (प्रशिक्षक) सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा सुरेन्द्र मीणा द्वारा प्रशिक्षित दोनो खिलाड़ी तेपई, चीन में दिनांक 02 से 07 सितम्बर, 2024 तक होने वाली 7वें एशियन युनिवर्सिटी गेम्स में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगें। यह विश्वविद्यालय एवं राजस्थान राज्य के लिये भी बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि बॉस्केटबाल राजस्थान का राज्य खेल भी है।

राजस्थान विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने भी उक्त दोनो खिलाडियों को भारतीय टीम में चयनित होनें पर बहुत-बहुत शुभकामनायें दी और खिलाडियों को अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया।

पांच करोड़ रुपए कीमत का डोडा पोस्त छिलका सहित अंतर राज्य तस्कर गिरफ्तार

बंद बॉडी ट्रक पर डाक पार्सल लिखवा चावल के कट्टों की आड़ में की जा रही थी तस्करी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/चूरू। चूरू जिले की भानीपुरा थाना पुलिस की टीम ने थाने के सामने नाकाबंदी में एक ट्रक कंटेनर से 30 क्विंटल 75 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त छिलका जब्त कर अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कंटेनर सहित कीमत पांच करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि भानीपुरा थाना पुलिस की टीम ने थाने के सामने मेगा हाईवे पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सरदारशहर की तरफ से आ रहे नागालैंड नंबर के एक ट्रक कंटेनर को पुलिस ने रुकवाया। तस्करी के लिए कंटेनर को बंद बॉडी करवा कर डाक पार्सल लिखवा चावल के कट्टों के नीचे डोडा पोस्त के कट्टे छुपाए हुए थे। पुलिस ने कंटेनर से 30 क्विंटल 75 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त छिलका जब्त कर अंतरराज्यीय तस्कर दलजीत सिंह (43) निवासी कलकलां जिला मोगा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया।

मां-बाप के झगड़े में बुआ ने नाबालिग को बेचा, नाबालिग बनी दो बच्चों की मां

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मुरलीपुरा थाना इलाके में माता-पिता के झगड़े के बीच बुआ ने एक नाबालिग को बेच दिया। 14 साल की बालिका दो बच्चों की मां बन गई। पीडिता किसी तरह जान बचाकर जयपुर पहुंची और पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की खरीद-फरोख्त के मामले में आरोपी बाप-बेटे को अरेस्ट किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना इलाके में पति-पत्नी के आपसी झगड़े ने एक किशोरी का बचपन छीन लिया। 11 साल की बालिका माता-पिता के झगड़े में पिसकर रह गई। झगड़े के चलते माता-पिता अलग रहने लगे। 11 साल की बेटी को बुआ के हवाले कर दिया। बुआ ने नाबालिग भतीजी को पाल पोसकर बड़ा करने के बजाय हरियाणा के एक परिवार को 2 लाख रुपए में बेच दिया। परिवार में बच्ची के साथ दरिंदगी शुरू हो गई। 12 साल की उम्र में बालिका ने बेटे को जन्म दिया। अब वह 14 साल की उम्र में दो महीने पहले बेटी को जन्म दिया। परिवार के उत्पीड़न से बचकर भागी किशोरी ने दो दिन पहले मुरलीपुरा थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

अंगदान को लेकर सामाजिक चेतना जाग्रत करने में सेवाभावी संगठनों की भूमिका अहम : हीरालाल नागर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि अंगदान बड़े पुण्य का काम है। इसके माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दिया जा सकता है। राज्य सरकार प्रदेश में अंगदान को बढ़ावा दे रही है। मंत्री नागर शुक्रवार को अल्बर्ट हॉल जयपुर पर राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से आयोजित अंगदान-महादान रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस संवेदनशील विषय पर जनचेतना जाग्रत करने के उद्देश्य से रेडक्रॉस की पहल की सराहना की और कहा कि अंगदान को लेकर समाज में भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता है। इस दिशा में रेडक्रॉस सहित अन्य सेवाभावी संगठन महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान के जनरल सेक्रेटी जगदीश जिंदल, उपाध्यक्ष जगदीश खत्री, जयपुर ब्रांच की डॉ. नीलम जैन, अतिरिक्त निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. रश्मि गुप्ता, एसएमएस अस्पताल के रिहैबिलिटेशन सेंटर के निदेशक डॉ. मृणाल जोशी आदि ने ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया। सांगानेरी गेट से रवाना होकर बड़ी संख्या में युवाओं तथा विद्यार्थियों की यह रैली अल्बर्ट हॉल पहुंची।

निर्माणाधीन बिल्डिंग की छठी फ्लोर से गिरने से मजदूर की मौत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। अशोक नगर थाना इलाके में निर्माणाधीन बिल्डिंग की छठी फ्लोर से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी में सामने आया है कि छत पर सोते समय शौच जाने के लिए वह नींद में उठा था और निर्माणाधीन लिफ्ट ब्लॉक खुला होने के कारण वह नीचे ग्राउंड फ्लोर पर जा गिरा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में उसे एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

किसान वर्ग के अलावा प्रदेश में बिना एनओसी के नहीं कर सकेंगे भूजल का दोहन

बिना एनओसी दोहन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई, किसान वर्ग के अलावा प्रदेश में बिना एनओसी के नहीं कर सकेंगे भूजल का दोहन

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। प्रदेश में भूजल का दोहन किसानों के अलावा अन्य किसी को बिना एनओसी के नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए विभाग द्वारा किसानों को जागरुक भी किया जाएगा। साथ ही गिरते भूजल स्तर की स्थिति को मध्य नजर रखते हुए अधिक भूजल दोहन पर रोक लगाने के लिए सभी नए और विस्तारित उद्योग, उद्योग जो विस्तार करना चाहते हैं, बुनियादी ढांचा परियोजना, खनन परियोजना थोक जलापूर्ति, शहरी जल आपूर्ति योजनाएं एवं खारा जल निष्कर्षण हेतु भूजल के उपयोग के लिए एनओसी की अनिवार्यता को कठोरता से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इनके द्वारा जितनी मात्रा में भूजल का दोहन किया जाएगा उसके निर्धारित अनुपात में भूजल का रिचार्ज किया जाना जरूरी होगा तभी जाकर इस श्रेणी को एनओसी प्रदान की जाएगी।वहीँ कुछ श्रेणियां में एनओसी लेने की छूट भी दी गई है। साथ ही केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त गाईडलाइन की पालना नहीं करने पर अवैध ट्यूबवेलों को सील करने, विद्युत सप्लाई को रोकने, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने जैसे कदम उठाये जायेंगे। भूजल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बताया कि वर्ष 2023 के भूजल संसाधन के आकलन के अनुसार राज्य के कुल 302 ब्लॉकों में से 216 ब्लॉक्स में अतिभूजल दोहन (100 प्रतिशत से अधिक) किया जा रहा है। प्रदेश के केवल 38 क्षेत्र भूजल की दृष्टि से सुरक्षित क्षेत्र हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में न केवल भूजल का स्तर गिर रहा है बल्कि भूजल में बढ़ते टीडीएस, नाइट्रेट और फ्लोराइड के कारण भूजल की गुणवत्ता में भी कमी आई है। प्रदेश



में भूजल का दोहन लगभग 148 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है और इस संबंध में तुरंत एक्शन लिया जाना जरूरी है।

इनके लिए एनओसी लेना अनिवार्य : भूजल विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि बड़े उद्योग बिना एनओसी भूजल दोहन नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी नए और मौजूदा उद्योग, उद्योग जो विस्तार करना चाहते हैं, आधारभूत ढांचे से जुड़ीं परियोजनाएं, खनन परियोजनाएं, वृहत जल आपूर्ति, शहरी जल आपूर्ति योजनाएं, खारा जल निष्कर्षण के लिए एनओसी लेना अनिवार्य होगा।

इन श्रेणियों में एनओसी की अनिवार्यता की छूट : डॉ शर्मा ने बताया की कुछ श्रेणियां में एनओसी लेने की छूट दी गई है। व्यक्तिगत घरेलू उपभोक्ता द्वारा पीने के पानी एवं घरेलू कार्यों में उपयोग का पानी, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाएं, सशस्त्र सेना और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल प्रतिष्ठान, कृषि कार्य के लिए, छोटे और लघु उद्योग (10 क्यूबिक मीटर प्रतिदिन से कम भूजल निकालते हैं), सभी उद्योग-खनन आधारभूत परियोजनाएं जो केवल पीने या घरेलू उपयोग के लिए 5 क्यूबिक मीटर प्रतिदिन तक भूजल निकालते हैं, आवासीय अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, पीने के पानी एवं घरेलू कार्य के लिए (प्रतिदिन 20 क्यूबिक मीटर भूजल का दोहन), सरकारी योजनाओं के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवासीय इकाइयां को एनओसी लेने से छूट दे गयी है।

एनओसी के लिए ये रहेगी अनिवार्यता : एनओसी प्राप्त करने के लिए कुछ अनिवार्य शर्तें रखी गई हैं। जिसमें टेलिमेटरिक सिस्टम युक्त टैंपर पफ डिजिटल वाटर फ्लो मीटर लगाना, रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण, डिजिटल जल प्रवाह मीटर के साथ पिजोमीटर लगाना, समय-समय पर भूजल की गुणवत्ता का विश्लेषण और मॉनिटरिंग आवश्यक होगी।

शिक्षको ने मासूम को किया कक्षा कक्ष में बंद, रोते बिलखते मासूम को ग्रामीणो ने निकाला बाहर

रोज अपडाउन करने वाले शिक्षको ने ग्रामीणो व अधिकारियो से मांगी माफी

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा उपखण्ड के चौसला सेक्टर के डेंचवास स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षको ने एक चार साल के मासूम को कक्षा कक्ष में बंद कर जाने के बाद ग्रामीणो के पास उपलब्ध चाबी से रोते बिलखते मासूम को बाहर निकाला।

मामला गुरूवार को स्कूल बंद होने बाद है। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी पाठशाला में अध्ययनरत विद्यार्थी के साथ उसका चार साल का मासूम भी विद्यालय आ गया। विद्यालय का समय समाप्त होने के बाद अध्ययन भाई तो घर चला गया लेकिन चार साल का मासूम खेलने में कक्षा कक्ष में ही रह गया। वहीं विद्यालय का समय समाप्त होने के बाद कार्यरत

शिक्षको ने सभी कक्षा कक्षो के ताला लगाकर हर दिन की तरह चाबी ग्रामीणो को देकर अपने घरो को निकल गए। लगभग दो घंटे बाद मासूम के रोने चिल्लाने आवाजे सुनाई देने पर ग्रामीणा विद्यालय आए। ग्रामीणो ने पहले तो शिक्षको को बुलाने का प्रयास किया लेकिन जब जानकारी मिली कि चाबी यही हैं। तब चाबी मंगवा कर ग्रामीणो ने रोते बिलखते मासूम को बाहर निकाल कर परिजनो को संभलाया। लेकिन इस घटना के बाद ग्रामीणो में शिक्षको के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। शुक्रवार को ग्रामीण विद्यालय के बाहर एकत्रित होकर घटना का विरोध प्रकट करने लगे। जिसकी जानकारी मिलते ही तहसीलदार राहुल पारीक, खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुप्ता, चेनपुरा पीईईओ भगवान सहाय गुप्ता व सरपंच प्रतिनिधि दयालदास स्वामी मौके पर पहुंच कर ग्रामीणो को समझाने का प्रयास किया।

उधर विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को सभी से रोज विद्यालय आते जाते हैं विद्यालय आते ही विरोध की जानकारी मिली तो घबरा कर अधिकारियो व ग्रामीणो के पास पहुंच कर घटना के प्रति गहरा दुख प्रकट करते सभी शिक्षको ने घटना के लिए अधिकारियो व ग्रामीणो से क्षमायाचना कर भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति नहीं करने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ और आक्रोशित ग्रामीणो का गुस्सा शांत होने पर घरो को चले गए।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल, तैयारियां जोरों पर

गुरु के चरणों में शिष्य चढ़ाएंगे आस्था के पुष्प

बढ़ता राजस्थान

पीपलू(नि.स.)। गुरु-शिष्य के अटूट संबंध का पर्व गुरु पूर्णिमा रविवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर उपखंड क्षेत्र विभिन्न आश्रम व मंदिरों में संत-महंत शिष्यों को गुरुमंत्र देंगे। वहीं शिष्य भी आस्था के फूलों से गुरुदेव का श्रृंगार करेंगे। साथ ही उनके चरण पखार कर गुरु दक्षिणा देंगे। वहीं नए शिष्यों को दीक्षा दिलाई जाएगी। गुरु पूर्णिमा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। क्षेत्र में कई जगहों पर बड़े आयोजन होंगे। गुरु पूर्णिमा को लेकर बगड़ी में श्री जाल वाले बाबा आश्रम में शनिवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। 21 जुलाई को भजन-संकीर्तन अलगोजा पार्टी के साथ 9 बजे से गुरु पूजा कार्यक्रम शुरू होगा। दोपहर 2.15 बजे से देर शाम तक करीब 2 हजार से अधिक श्रद्धालु महाप्रसादी ग्रहण करेंगे। बनवाड़ा में श्री काले हनुमान व श्रीश्याम लक्ष्मी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित राजेन्द्र शास्त्री के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित होगा। श्रद्धालु गुरु के चरणों में आस्था के पुष्प चढ़ाकर पूजन करते हुए आशीर्वाद लेंगे। इसी प्रकार रानोली रोड़ पर मोहनाबाद ढ़ाणी के पास स्थित सत्य ज्ञान पीठ आश्रम पर भव्य तरीके से गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।

कृषि उपज मंडी समिति के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का विधायक वर्मा ने किया शुभारम्भ, मंडी परिसर में विधायक ने लगाया पौधा

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। कृषि उपज मंडी समिति के तीन दिवसीय स्थापना दिवस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा धजारोहण करके किया गया। स्थापना दिवस के शुभारम्भ पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का विधायक रामसहाय वर्मा ने बॉल के शॉट लगाकर शुभारंभ किया। विधायक वर्मा ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों का मनोबल बढता है। उन्होंने सभी व्यापारियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी ने बताया कि मंडी के स्थापना दिवस को लेकर क्रिकेट, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, शतरंज,

वॉलबॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन मैच महाराणा प्रताप क्लब व वीर तेजाजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें वीर तेजाजी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ऑवर में 55 रन बनाए व प्रतिद्वंदी टीम महाराणा प्रताप ने 8.3 ऑवर में 5 विकेट से मैच जीत लिया।

इस दौरान विधायक वर्मा व व्यापारियों ने मंडी परिसर में छायादार वृक्षों के पौधे लगाए। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, फल सब्जी मंडी अध्यक्ष प्रहलाद सैनी, रामअवतार घाटी, राजू पहाडी, मुरारी पंडा, शिवप्रकाश पारीक, योगेश जैन, राहुल बोहरा, दीपक गुप्ता, बुधराम जाट, सुरेन्द्र बेनीवाल, वरूण खंडेलवाल, अरविन्द टोडवाल, राजेश चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, भाजपा नेता रामप्रसाद महाराजपुरा, नरेन्द्र शर्मा, रामेश्वर बेनीवाल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

विद्यालय परिसर में लगाए 100 पौधे, सार-संभाल की ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा(नि.स.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पराना में वृक्षारोपण अभियान के तहत 100 पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए एवं विद्यार्थियो तथा स्टॉफ ने नियमित रूप से देखभाल करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य शंकर लाल जाट ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। जब तक पृथ्वी पर पेड़ों का अस्तित्व है, तब तक ही मानव सभ्यता का अस्तित्व है। इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा करनी होगी। हमें पौधारोपण अभियान में पूर्ण भागीदारी निभाकर पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करें। हमे घर और विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक छायादार फलदार पौधे लगाने चाहिए। छात्रों, शिक्षकों ने इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के औषधीय, फूलदार, फलदार, छायादार पौधे लगा इन्हें विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्रों को पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर राजेंद्र मीणा, रामप्रसाद जाट, रामावतार जाट, गजानन मीणा, ओमप्रकाश महावर, शिवराज शर्मा, प्रिया शर्मा, सविता सोनी, रश्मि विजय, बीना मीणा, सुनील वर्मा, कजोड़ मल बैरवा, विजय डंगौरिया, सहित छात्र-छात्राए, शिक्षक एवं कई ग्रामीण मौजूद थे।

हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। सदर पुलिस ने डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्या के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी जयमलसिंह ने बताया कि 3 दिन पूर्व गांव लुहारा में हत्या के मामले में फरार आरोपी रामजस चौधरी व गणेश चौधरी निवासी लुहारा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने लुहारा के एक युवक की धारदार हथियारों से हत्या कर दी थी। हत्या के प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस थाने के बिरधीचंद, कांस्टेबल विष्णुकुमार शर्मा व राजूलाल की अहम भूमिका रही।

जिले में अधिकाधिक पौधारोपण करें : सुरेश चौधरी

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य बजट घोषणा 2024-25 एवं मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान एवं अमृत पर्यावरण महोत्सव को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में एडीएम ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार अधिकारी बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिससे आमजन को कम से कम समय में जनहित के विकास कार्यों व योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। एडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जिलेभर में 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एवं 8 अगस्त को अमृत पर्यावरण महोत्सव को प्रभात फेरी सहित अन्य नवाचार किए जाएं। महाभियान को जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करने के लिए जिले में हर वर्ग के लोग अधिकाधिक पौधारोपण करें। किसानों, युवाओं, व्यापारियों, बच्चों, औद्योगिक संस्थानों, गैर

सरकारी संगठन समेत अन्य संगठनों एवं आमजन को इसमें शामिल करें। एडीएम ने सीआईएसएफ देवली से आए हुए अधिकारियों को महाभियान में अपना सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरियाली का सृजन-हर क्षेत्र में पौधारोपण कर अपने आसपास के वातावरण को हरा-भरा बनाएं।

आभा कार्ड में परिवार के हर सदस्य का रहेगा हेल्थ का पूरा रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। अब हर व्यक्ति का हैल्थ अकाउंट बनाया जा रहा है जिसमें डिजिटल रूप में व्यक्ति का स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने आयुष्मान डिजिटल भारत मिशन की शुरुआत की है। इसके लिए मरीज का हेल्थ रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट रखने के लिए आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) बनाया जा रहा है। जिसमें 14 अंकों का एक आईडी नंबर जनरेट होता है। जिसमें संबंधित व्यक्ति आभा ऐप के माध्यम से अपने चिकित्सा से संबंधित समस्त रिकॉर्ड, लैब रिपोर्ट, डॉक्टर का लिखा दवा का पर्चा, डॉक्टर नोट्स, इमेज, वैक्सीन आदि डिजिटल प्लेटफार्म पर सुरक्षित रख सकेंगे एवं आवश्यकता पड़ने पर अपने रिकॉर्ड को डॉक्टर से शेयर कर सकते है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों द्वारा आभा आईडी बनाई जा रही है। अब तक 46 प्रतिशत व्यक्तियों की आभा आईडी बनाई जा चुकी है।

यह है आभा कार्ड

आभा कार्ड में एक डिजिटल प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है, जिसमें समस्त नागरिकों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी आभा कार्ड बनाया जा रहा है। परिवार के हर सदस्य का पृथक आभा कार्ड होगा। आमजन का हेल्थ अकाउंट है, जिसे 14 अंकों की आभा आईडी से पहचाना जाता है। पुरानी हिस्ट्री सामने होने से डॉक्टर को मरीज के सटीक विश्लेषण में मदद मिलेगी।

आमजन को ये होंगे फायदे

सीएमएचओ ने बताया कि अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से स्टोर किया जा सकता है। ताकि जरूरत पड़ने पर शेयर कर सकें। पंजीकृत स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से प्राप्त की जा सकती है।अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड लैब रिपोर्ट, डॉक्टर की पर्ची आदि को डिजिटल प्राप्त कर सकते है। हेल्थकेयर प्रोफेशनल से टेली परामर्श किया जा सकता है, इससे समय की बचत होगी। कतार में खड़े होने से आजादी मिलेगी। ऑनलाइन अपाइंटमेंट बुक किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 104 और 108 पर संपर्क किया जा सकता है।

सोहेला गांव में मुनि अनुसरण सागर महाराज का हुआ पदार्पण

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। जैन समाज के तत्वावधान मे जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संघ का आदिनाथ जैन मंदिर सोहेला में मंगल प्रवेश हुआ। मंगल प्रवेश के दौरान सोहेला जैन समाज के अध्यक्ष बाबूलाल जैन, पप्पूलाल जैन, अंशुल जैन, अक्षांत जैन, राजेश जैन, सोनू जैन व पवन जैन सहित कई श्रद्धालुओं ने मुनि श्री का पादप्रक्षालन एवं पूजा अर्चना कर अगुवानी की। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा, विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि मुनि श्री के मंगल पदार्पण पर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने श्रीजी की शांतिधारा करके पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, ज्ञानचंद सोगानी, विष्णु बोहरा, मूलचंद हरभगतपुरा, मनन दतवास, अशोक चंवरिया व अशोक सांवलिया सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मुनिश्री अनुसरण सागर महाराज संघ का रविवार की सुबह निवाई शहर में मंगल प्रवेश होगा।

उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में करवाया रजिस्ट्रेशन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। विद्युत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। सहायक अभियंता केसी माली के निर्देशन में कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल द्वारा 50 परिवारों के प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए। शुक्रवार को सहायक अभियंता कार्यालय रेलवे स्टेशन के समीप प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रजिस्ट्रेशन किया गया। सहायक अभियंता केसी माली ने बताया प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ आम जन को मिले जिसके लिए सौर ऊर्जा के लिए केंद्र सरकार द्वारा पचास प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। रजिस्ट्रेशन करने के लिए उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन का बिल जिस मोबाइल से जुडा हैं उसको साथ लेकर आना अनिवार्य हैं।

रोजगार व कैरियर विकास शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। भारत विकास परिषद द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कोशल विकास योजना मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना व स्किल इंडिया कार्यक्रम के अन्तर्गत कम्प्यूकॉम फाउडेशन के सहयोग से रोजगार एवं कौशल विकास शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित शिविर का परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा व सचिव ताराकांत पाठक वित्त सचिव ज्ञानचन्द जैन प्रवक्ता दिनेश विजय ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। शिविरा में भारी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर रोजगार के लिए पंजीयन कराया। परिषद के प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि परिषद की ओर से गत वर्ष भी इसी प्रकार का शिविर आयोजित किया गया था। शुक्रवार को आयोजित शिविर के लिए 80 युवाओं ने पंजीयन के लिए आवेदन किया है।

चातुर्मास 2024 का शुभारंभ कल से

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा निवाई में जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संघ के सानिध्य में आयोजित मंगल कलश स्थापना समारोह एवं चातुर्मास 2024 का ध्वजारोहण 21 जूलाई को अग्रवाल जैन मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि चातुर्मास का ध्वजारोहण दिनेश जैन, मुकेश जैन, हेमा जैन बनेठा द्वारा किया जाएगा। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि समारोह को लेकर दोपहर में चातुर्मास मंगल कलश स्थापना की जाएगी।

सदन में नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को विभिन्न मुद्दों पर जम कर घेरा बोले जमीनी कार्य करे सरकार नहीं तो विरोध रहेगा जारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/अलवर (का.स.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सदन के पहले दिन से ही सत्ता पक्ष के मंत्री विपक्ष के जनहित के मुद्दों के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन को अच्छे से चलाना पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि हम दुश्मन नहीं है लेकिन संविधान के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, विपक्ष के होने के नाते जनता के मुद्दों को उठाना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्रियों का सवालों पर गोलमोल जवाब देना और उनका आचरण सदन में स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सवाल कुछ पूछते हैं जवाब कुछ मिलता है। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर नेता प्रतिपक्ष कुछ कहता है तो सत्ता पक्ष के लोग खड़े हो जाते हैं, अध्यक्ष जी आपका झुकाव हमारी तरफ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तो जा नहीं सकते हमें आपका ही संरक्षण चाहिए ताकि हम मजबूत विपक्ष के रूप में जनता की समस्याओं को रख सकें। जूली बोले कल सदन से अपशब्दों का प्रयोग सदन में किया गया। राहुल गांधी, टुकड़े-टुकड़े गैंग, सोनिया गांधी के बारे में सत्ता पक्ष के मंत्री कुछ भी बोल रहे हैं उन्होंने कहा कि आसन दोनों पक्षों को बराबर रखें। जूली बोले नेता प्रतिपक्ष के रूप में 70 विधायकों की बात को सदन के पटल पर रखना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सदस्यों को बोलने का अधिकार नहीं तो प्रतिपक्ष के रूप में मेरा बोलना उन विधायकों की बात रखना है। उन्होंने कहा कि वह नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि सदन में जब आसाम के पूर्व राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया खड़े होते थे तो हम उनके सम्मान में बैठ जाया करते थे। उन्होंने कहा कि उनके बोलने के अधिकार की रक्षा नहीं होगी तो सदन कैसे चलेगा। उन्होंने सत्ता पक्ष के सदस्यों पर अनुभव की कमी और तैयारी के साथ जवाब नहीं देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि सदन में ईआरसीपी की केवल गूंज है जबकि हकीकत यह है कि मध्य प्रदेश के आगे राजस्थान सरकार ने घुटने टेक दिए। स्ह्र अभी तक सामने नहीं आया जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से कांग्रेस सरकार के राज में बने बांधों का सर्वे कर आए हैं। राजस्थान के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नहीं बल्कि श्रेय लेने के लिए यह सरकार काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि नगर निकाय के सवाल और भाजपा के घोषणा पत्र पर भी मंत्री जवाब नहीं दे पाए बल्कि जवाब देने के बजाय भाषण बाजी करने लगे। जूली ने कहा कि किसानों को 12 हजार प्रति वर्ष देने का घोषणा पत्र में वादा किया गया था लेकिन पहली साल निकल गई और किसानों को 6 हजार को भी 6 किस्तों में चरणबद्ध रूप से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कल समाज कल्याण मंत्री द्वारा जैसी भाषा का उपयोग किया गया उस पर विपक्ष ने एतराज जताया। स्पीकर के संज्ञान में आने के बाद सदन के कार्यवाही से उन शब्दों को निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि संसदीय सचिव मंत्री ने कहा कि आगे से किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी । जूली बोले सरकार से गतिरोध नहीं बल्कि जन समस्याओं के पक्ष में हम मजबूती से लड़ रहे है।

संभागीय आयुक्त ने किया संस्थाओं का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। संभागीय आयुक्त ने धौलपुर प्रवास के दूसरे दिन विद्यालयों, आँगनबाड़ी केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य संस्थाओं एवं विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र पुरानी छावनी प्रथम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषाहार वितरण एवं बच्चों के अधिगम स्तर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगरबाडी कार्यकर्ताओं को सभी पात्र महिलाओं को नियमित सैनिटरी नैपकिन का वितरण करने एवं सभी प्रकार के वितरणों का नियमित इंद्राज रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र विश्नौदा, सुनीपुर एवं बिजौली का निरीक्षण कर पोषाहार वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के उपस्थिति रजिस्टर का भी जायजा लिया। इस मौके पर डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग साथ रहे।

उप स्वास्थ्य केन्द्र बिजौली का निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने मॉडल उप स्वास्थ्य केंद्र बिजौली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर दी जा रही दवाईयों एवं चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा कर्मी को चिकित्सा सुविधाओं के उन्नयन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वहां पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

विद्यालयों का निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने राजकीय विद्यालय बिजौली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पढ़ रहे छात्रों के कुल नामांकन एवं उपस्थिति पर जानकारी ली तथा विद्यालय के छात्रों से दूध वितरण एवं मिड डे मील के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कार्मिकां के उपस्थिति रजिस्टर का भी मुआयना किया। उन्हांने शिक्षकों को विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त ने उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनीपुर एवं बरौली का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयी छात्रों से अधिक से अधिक पौधारोपण कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

मनरेगा कार्यों का निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने बिजौली गौशाला के पास मनरेगा के तहत चल रहे पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंनें मैट को कार्य का मूल्यांकन समय करने तथा कार्य का प्रतिदिन के हिसाब से लक्ष्य बनाकर लिखित रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिये। उन्होंने पौधों की नियमित देखभाल एवं सस्टेनिबिलिटी बनाये रखने हेतु निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बरौली में चल रहे कैटल शेड कार्य का भी औचक निरीक्षण किया।

भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पंचायत समिति बसेड़ी में शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र धौलपुर द्वारा पंचायत समिति स्तरीय शिविर का आयोजन पंचायत समिति बसेड़ी में किया गया। शिविर में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही उद्योग विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

उल्लेखनीय सेवाओं व कर्तव्यपरायणता के लिए वन विभाग के रेंजर शंकर सिंह को मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। रोटरी क्लब के हाल ही में हुए इंस्टालेशन प्रोगाम में सामाजिक सेवाओ में उल्लेखनीय कार्यो के लिए कुछ संगठन, संस्थानों व व्यक्तियों का सम्मान किया गया था। किन्ही कारणों से सरिस्का बफर रेंज के रेंजर शंकर सिंह शेखावत कार्यक्रम में आ नही पाए। शुक्रवार को उन्हें ससम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। रोटेरियन चित्रांश जैन ने सम्मान चिन्ह भेंट किया और शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि शहर से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर बालाकिला वन क्षेत्र में शेर की दहाड़ गुंजायमान होने के पीछे रेंजर शंकर सिंह की कर्तव्य निष्ठा जुड़ी हुई है।

शानदार पर्यावरण की रक्षा व वन्यजीवों के संरक्षण में महती भूमिका के लिए रोटर क्लब अलवर ने किया सम्मान। वन्यजीव व पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि बहुत बेहतरीन अधिकारी हैं शंकर सिंह जो कि आमजन से जुड़ाव के साथ वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति गंभीर हैं।

अवस्थी और अग्रसेन विहार कॉलोनी में झूलते बिजली तारो को लेकर नागरिको का प्रदर्शन

नागरिक का आरोप शिकायत के बाद भी नहीं कोई कार्यवाही, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर की अवस्थी कॉलोनी और अग्रसेन कॉलोनी के दो दर्जन से अधिक नागरिकों ने महिला और बच्चो सहित शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए डिस्कॉम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। इस दौरान जब डिस्कॉम से कोई कर्मचारी टूटे हुए तार को सही करने मौके पर नहीं पहुंचा तो कॉलोनी के यह आक्रोशित लोग बाड़ी एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां एसडीएम राधेश्याम मीणा को डिस्कॉम की लापरवाही से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौपा है और मामले में त्वरित कार्यवाही की मांग की है। व्यास कॉलोनी निवासी रवि वैश्य,तरुण कुमार शर्मा,आशीष अग्रवाल,राजकुमार सिंह आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी बसेड़ी रोड को जाने वाले बाईपास के साइड में स्थित है। इस कॉलोनी से जुड़े अग्रसेन बिहार क्षेत्र में शहर के आधा दर्जन निजी स्कूल है। जहां शहर के अधिकांश बच्चे पढ़ने आते हैं। स्थिति यह है कि डॉ विमलेश के नर्सिंगहोम के बगल में जो गली है उसमें बिजली के तार इतने नीचे आ गए हैं कि कोई भी बुजुर्ग या स्कूली छात्र उनसे चिपक सकता है और हादसा हो सकता है। उक्त मामले को लेकर कई दिनों से विद्युत विभाग के विभिन्न अधिकारियों को फोन पर अवगत कराया और मौके पर जाकर भी शिकायत की है लेकिन कोई सुधार नहीं। शुक्रवार सुबह 11 बजे बिजली का तार टूटा तो घण्टो उसे कोई सही करने तक नहीं आया। इसी बात को लेकर नागरिकों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने मौके पर डिस्कॉम के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर दिया साथ में बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौपा। जिसमें कॉलोनी के झूलते तारों से निजात दिलाने और बिजली लोड के हिसाब से दो अलग-अलग फीडर बनाकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। मामले को लेकर एसडीएम राधेश्याम मीणा ने बताया कि जैसे ही नागरिकों ने उन्हें शिकायत की। डिस्कॉम के अधिकारियों को अवगत कराया है और आज ही कॉलोनी में लाइनों को दुरुस्त करने के साथ अन्य समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं।

इनका कहना है

डिस्काउंट की जेईएन विजेंद्र सिंह ने बताया की मौके पर टीम भेज कर तारों को दुरुस्त करने की कार्रवाई की जा रही ह। ट्रांसफार्मर और लोड को लेकर भी एक-दो दिन में सुधार किया जाएगा।

शहर के गुमट हनुमान मंदिर के पास निजी स्कूल में चोरो ने बोला धावा फर्नीचर, पंखे, एलईडी बल्ब सहित सारे सामान को वाहन में लादकर ले गए चोर

वार्ड पार्षद ने लगाया अँधेरे के चलते वारदात और चोरी की घटना का आरोप

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के गुमट हनुमान मंदिर के पास स्थित निजी क्षेत्र के मार्डन हैप्पी स्कूल में चोरी की बड़ी वारदात का मामला सामने आया है। घटना में चोरों ने गुरुवार की रात में स्कूल के गेट के ताले को तोड़कर प्रवेश किया और विभिन्न कक्षाओं में लगे पंखों,प्लास्टिक के कूलर,बच्चों के बैठने की टेबल,स्टूल,फर्श और स्कूल में लगे एलइडी बल्बों के साथ अन्य सामान को पार किया है। सुबह स्कूल संचालक को मामले की जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दिन में स्कूल पहुच मामले की जानकारी की है। पीड़ित स्कूल संचालक ने कोतवाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दी है। शहर के गुमट हनुमान मंदिर शेरगंज के पास स्थित मॉडर्न हैप्पी माध्यमिक विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार कटारा पुत्र कमलदत्त शर्मा ने बताया कि गुरुवार को वह स्कूल को बंद कर अपने घर गए थे। आज सुबह जब स्कूल जाकर देखा तो सभी कमरों के ताले टूटे पड़े थे। मुख्य गेट का भी ताला टूटा पड़ा हुआ था। ऐसे में जब जानकारी की तो चोरी की घटना का पता लगा। चोरों द्वारा रात में स्कूल के विभिन्न कक्षाओं में से 10 पंखों, लोहे की 08 टेबल,लोहे के 09 स्टूल,एक दर्जन फर्श,10 एलईडी बल्ब,एक प्लास्टिक का बड़ा कूलर,एक दर्जन बिछाने की दरी पट्टी और स्कूल की पीतल की घंटी को भी चोरी किया गया है। बताया जा रहा है कि चोर उक्त समान को किसी वाहन में आराम से लादकर ले गए हैं।

चोरी की घटना के बाद स्कूल में जांच करती पुलिस

स्ट्रीट लाइट पड़ी है बंद, कॉलोनी में रहता है अंधेरा

गुमट शेरगंज कॉलोनी निवासी वार्ड 43 के पार्षद सुदामा कंसल ने बताया कि उनकी कालोनी मे सभी स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। ऐसे में अंधेरा रहता है और आए दिन वारदात होती है। स्कूल की घटना में चोरों का कोई पता नहीं लग सका। क्यो की जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं वह भी बंद पड़े हैं।

नीमकाथाना स्टेट हाईवे पर ग्राम नारेहड़ा में सडक़ के गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाने से आमजन व ग्रामीण परेशान

22 जुलाई से पुनः शुरू होगा आन्दोलन, ग्रामीणों ने डीएसपी को सौंपा ज्ञापन, पुलिस व्यवस्था की मांग

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। डाबला रोड़ से गुजर रहे नीमकाथाना स्टेट हाईवे पर ग्राम नारेहड़ा में सडक़ के गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाने से परेशान आमजन व ग्रामीणों ने शुक्रवार को डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि इसको लेकर कस्बे के डाबला रोड़ व ग्राम नारेहड़ा में विगत एक वर्ष के अन्तराल में दो बार धरना प्रदर्शन किये जा चुके है। लेकिन समस्या जस की तस है। ज्ञात रहे कि कांग्रेस शासन में राज्य सरकार द्वारा नीमकाथाना स्टेट हाईवे को फोर लेन में किये जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव आने के बाद मामला ठण्डे बस्ते में चला गया। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने विगत दिनों ग्राम नारेहड़ा में धरना देकर सडक़ के पुनर्निर्माण की मांग की थी। जिसको जल्द से जल्द हल करवाये जाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया गया था। इस बार के बजट में सरकार ने इस मार्ग को ग्रीन फिल्ड एक्सप्रैस वे में तब्दील किये जाने की घोषणा की है। लेकिन घोषणाओं के बीच सडक़ की हालत बद से बदतर होती जा रही है। विगत पाँच वर्षो में इस सडक़ को सुधारने के लिये कोई प्रयास नहीं हुये है। दरअसल में नारेहड़ा से पनियाला बाईपास निर्माण के बाद इस मार्ग को पुनः बनाने की योजना के चलते सडक़ क्षतिग्रस्त अवस्था में ही पड़ी हुई है। साथ ही इसको लेकर हुई विभिन्न घोषणाओं ने इसकी मरम्मत का रास्ता भी नहीं खोला। ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया। साथ ही महापड़ाव में शान्ति व्यवस्था के लिए पुलिस के माकूल इंतजाम की मांग की। वहीं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम प्रबंधक को रोड़वेज बसों को दूसरा वैकल्पिक रास्ता देने का ज्ञापन सौंपा। राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि शनिवार को ग्रामीण विधायक हंसराज पटेल की जनसुनवाई में पहुंचकर नारेहड़ा में सडक़ मरम्मत कराने व धरना प्रदर्शन में आम जनता का साथ देने एवं समस्याओं से निजात दिलाने की मांग का ज्ञापन सौंपेंगे। इस दौरान कृष्ण रावत, ओमसिंह लम्बरदार, बलवीर खटाना, दलीप पहलवान, कैलाश यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्रता सेनानियों को मोमबत्ती जला कर दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। उपरोक्त विषय के संदर्भ में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के 117 वे स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत शहिद स्मारक कंपनी गार्डन, अलवर में पौधा रोपण एव स्वतंत्रता सेनानियों को मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि दी गई । बैंक ऑफ बड़ौदा अलवर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख जगदीश मेहरचंदानी और उप क्षेत्रीय प्रमुख महेन्द्र मीना ने पर्यावरण के रक्षा के लिए सभी स्टाफ को संबोधन दिया। उन्होने बैंक के सीएसआर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं बताया कि बैंक द्वारा प्रतिवर्ष सीएसआर कार्यक्रम में जरूरत मंद की मदद की जाती रही है ।

सोने का गुर्जा पुलिस ने कांस्टेबिल की सूचना पर पकड़ा 15 हजार का इनामी बदमाश

करीब तीन साल से चल रहा था फरार, एसपी ने किया था इनाम घोषित

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड की सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने दो कांस्टेबल की सूचना पर क्यूआरटी टीम के सहयोग से पिछले तीन साल से फरार चल रहे एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाश से कोतवाली थाने पर दर्ज मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। सोने का गुर्जा थाना अधिकारी भीम सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। जिसमें मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। ऐसे में गुरुवार की शाम पुलिस के कांस्टेबल हजारीलाल और गजेंद्र सिंह ने सूचना दी कि धौलपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बाड़ी रोड पर ईनामी बदमाश खड़ा हुआ है। जो कहीं बाहर जाने की फिराक में है। सूचना पर एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ और बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार को मामले से अवगत कराते हुए दोनों अधिकारियों के सुपरविजन में थाने के कांस्टेबल हजारीलाल गजेंद्र सिंह,सूबेदा,कोमल सिंह,धर्मेंद्र,रवि पाठक,सुनील कुमार,अशोक कुमार,रामनाथ और गाड़ी चालक देवेंद्र के साथ क्यूआरटी टीम को साथ में बाड़ी रोड पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास पहुंच बताए गए हुलिए के अनुसार बदमाश को देखा तो बदमाश पुलिस को देखते ही भागने लगा। जिसको पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद गिरफ्त में लिया है।

एसपी ने चार दिन पूर्व ही रखा था 15 हजार का इनाम : सोने का गुर्जा एसएचओ भीम सिंह ने बताया की गिरफ्त में आया बदमाश करुआ उर्फ बादल उर्फ रिंकू पुत्र रामविलास गुर्जर निवासी सहानपुर थाना सदर धौलपुर का रहने वाला है। जिसके खिलाफ कोतवाली धौलपुर थाने पर एफआईआर संख्या 481/2021 में धारा 323,341,325, 327,336,452,506 और 34 आईपीसी में मामला दर्ज है।जो पिछले तीन वर्ष से फरार था। आरोपी की गिरफ्तारी पर एसपी धौलपुर द्वारा 16 जुलाई 2024 को 15 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थानान्तरण की मांग को लेकर धरना जारी

ग्रामीणों ने सांसद राव राजेन्द्र सिंह को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(नि.स.)। कोटपूतली के ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थानान्तरण की मांग को लेकर चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढ़ाणी रामनगर के ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना शुक्रवार को लगातार 23 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र लगाने का आदेश नहीं आयेगा, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं शुक्रवार को प्रतिनिधि मंडल ने जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचंद धानका के नेतृत्व में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि उक्त एसटीपी प्लांट एक किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया जाये, इसमें जो भी खर्च बढ़ेगा वह सरकारी कोष से दे दिया जायेगा। उन्होंने कहा की मंदिर एवं आबादी के पास एसटीपी प्लांट लगाना उचित नहीं है। इस दौरान चंद्रशेखर शर्मा, गिरिराज भारती, दिलीप यादव, सत्यनारायण शर्मा, गंगादीन आर्य, गिरधारी लाल आर्य, विक्रम सैन, किशनलाल स्वामी, तुलसी स्वामी, खेमचंद स्वामी, हवलदार गंगाराम भरगड़, राजूराम यादव, विकास यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

तेज बारिश में कोटा से गयी टीम ने झालावाड़ में लिया नेत्रदान

बेटों ने पिता के बाद अब माँ का संपन्न कराया नैत्रदान

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि.स.)। ठीक 8 साल पहले झालावाड़ निवासी अनाज के व्यवसायी बाबूलाल गोयल का निधन हुआ था,तो उस समय उनके बेटे मुकेश और दिनेश ने पिताजी की अंतिम इच्छा को मानते हुए उनके नेत्रदान का कार्य शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न करवाया था । तभी से परिवार के मन में यह संतोष था कि,नेत्रदान का कार्य संपन्न होने से हमारे पिताजी आज भी किसी की आंखों में रोशनी बनकर जीवित है । गुरुवार शाम को बाबूलाल की पत्नी निर्मला गोयल का भी आकस्मिक निधन हुआ, निर्मला जी ने भी अपने नेत्रदान करवाने की इच्छा काफी समय पहले बच्चों को बता दी थी यही कारण रहा कि जैसे ही निधन हुआ मुकेश और दिनेश ने तुरंत ही संस्था के ज्योति मित्र बादल अग्रवाल को संपर्क किया और कोटा से नेत्रदान की लिए टीम को बुलाने का निर्णय लिया । सूचना मिलते ही,ईबीएसआर-बीबीजे,चैप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ कुलवंत गौड़ की सूचना पर कोटा से झालावाड़ के लिए टीम रवाना हुई । इस दौरान पूरे रास्ते तेज बारिश थी,फिर भी समय पर पहुंच कर, परिवार के सभी सदस्यों के बीच में निर्मला के नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुई । डॉ गौड़ ने यह भी बताया कि, झालावाड़ शहर से अभी तक 15 नेत्रदान हो चुके हैं, जबकि झालावाड़ जिले में 120 से अधिक नेत्रदान छोटे-छोटे शहर और गांव से हो चुके हैं ।

घरों का सर्वे किया, लार्वा मिलने पर 59 मकान मालिकों को दिए नोटिस

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। एंटी डेंगू जुलाई माह और ''कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना'' अभियान के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की 807 टीमों ने 13622 घरों का सर्वे किया। डेंगू, मलेरिया, चिगनुनिया आदि मच्छर जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की। इस दौरान लार्वा मिलने पर 59 मकान मालिकों को नोटिस देकर आगाह किया। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि टीमों ने घरों के 29677 कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। इनमे से लार्वा मिले 256 कंटेनरों को उपचारित किया। इनके अलावा 1635 कंटेनरों को खाली कराया। वहीं पानी से भरे 1482 कंटेनरों में टेमीफास एवं जल भराव वाले 1267 स्थानों पर लार्वा नाशक रसायन (एमएलओ) डाला गया। 97 कमरों में पायरेथ्रम का स्प्रे किया गया। इस दौरान 209 लोगों की ब्लड स्लाईड भी ली गई। आमजन को बीमारियों से बचाव-रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्पलेट भी वितरित किए।

नगर कपासन में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया

बढ़ता राजस्थान

कपासन(नि.स.)। नगर में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आरती मंडल के सदस्यों द्वारा शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में खाली पड़ी भूमि पर तार एवं झाली लगाकर आरती मंडल के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया।इस दौरान छायादार वृक्ष बड़,पीपल, नीम,बिल्वपत्र इत्यादि पौधे लगाए गये। इस अवसर पर आरती मंडल सदस्य सोहनलाल उपाध्याय,रामचंद्र गौड,गिरिराजप्रसाद नन्दवाना, कन्हैयालाल सोनी,शंकरलाल चाष्टा,किशनलाल टेलर,देवीलाल गौड़,रमेशचंद्र काबरा,भंवरलाल टांक,सुभाष नन्दवाना,पुजारी कैलाश गौड,कला विजयवर्गीय,मानवी विजयवर्गीय,स्नेहलता वर्षा समदानी,संगीता सोमानी,रेखा सांवला,विजयश्री सिरोया,सीमा जागेटिया आदि उपस्थित रहे।साथ ही उक्त सघन वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

आमजन को मिलेगी अत्याधुनिक हवाई सुविधा, पर्यटन को लगेंगे पंख : मुख्यमंत्री

कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का कार्य होगा समय पर पूर्ण, हवाई सुविधाओं के विस्तार का संकल्प सिद्धि की ओर अग्रसर

कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर हुआ त्रिपक्षीय एमओयू , विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में विमानन क्षेत्र अहम

बढ़ता राजस्थान

कोटा/ जयपुर, (का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा। इसके निर्माण से प्रदेश में ना केवल पर्यटन को गति मिलेगी अपितु शिक्षा एवं व्यापारिक गतिविधियों में भी इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में विमानन क्षेत्र का विकास अहम है।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के विकास को लेकर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नगरीय विकास विभाग एवं नागरिक उड्डयन विभाग के मध्य हुए त्रिपक्षीय एमओयू पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस गति से सड़क एवं रेल मार्ग का विस्तार हो रहा है, उसी स्केल पर हवाई क्षेत्र पर फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एवं उद्योगों की नगरी कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से हाडौती अंचल के लाखों निवासियों को हवाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। हमारी सरकार के संकल्प की सिद्धि में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल की क्षमता का भी विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में इसकी क्षमता 50 लाख यात्री प्रतिवर्ष है जो विस्तार के बाद बढ़कर 70 लाख प्रतिवर्ष हो जाएगी। उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष से आग्रह किया कि जयपुर एयरपोर्ट पर नए स्टेट टर्मिनल के लिए शीघ्र कार्य शुरू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उदयपुर हवाई अड्डे के विकास और विस्तार तथा उत्तरलाई (बाड़मेर) हवाई अड्डे पर स्थायी सिविल एन्क्लेव एवं अप्रोच रोड के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराएगी।

राज्य सरकार देगी निःशुल्क भूमि, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण करेगा निर्माण और संचालन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि निःशुल्क उपलब्ध करवाएगी। वहीं ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण, विकास एवं संचालन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को एयरपोर्ट के सर्वे की अनुमति दे दी है। साथ ही, एयरपोर्ट की प्रस्तावित भूमि में से पीजीसीआईएल (पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) की 400 केवी की हाइटेंशन लाइन शिफ्ट करने की आवश्यक कार्यवाही हो चुकी है और इसके लिए राशि भी उपलब्ध करा दी जाएगी।

एयरपोर्ट के निकट क्षेत्र का हो सुनियोजित विकास

मुख्यमंत्री ने कोटा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रस्तावित एयरपोर्ट के आस-पास सुनियोजित विकास का रोडमैप तैयार करें। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के आस-पास की जमीन को अधिग्रहण या लैंड पूलिंग एक्ट के माध्यम से नियोजित कर क्षेत्र के विकास की कार्यवाही सम्पादित की जाए। इस अवसर पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं नागरिक उड्डयन शिखर अग्रवाल एवं नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अपर्णा अरोरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एकल, गरीब श्रेणी के विधुर, अविवाहित, अनाथ पुरुष मुखिया को भी मिले उज्ज्वला योजना का लाभ- विधायक कृपलानी

खाद्य आपूर्ति मंत्री ने भी माना विधायक का प्रश्न है प्रसांगिक

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा(नि.स.)। राजस्थान राज्य के पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शुक्रवार को विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़ा तारांकित प्रश्न किया। जिसे खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने भी समसामयिक विषय माना।

शुक्रवार को विधायक कृपलानी ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा से पूछा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में महिला मुखिया वाले परिवार सहित अकाल विधवा परित्यक्ता महिला को जिस प्रकार गैस कनेक्शन दिए जाते हैं, क्या वैसे ही एकल पुरुष जिनमें गरीब श्रेणी के विदुर, अविवाहित, अनाथ आदि आते हैं को भी कनेक्शन दिए जा सकते हैं। इस पर मंत्री गोदारा ने कहा कि पीएम उज्ज्वला योजना में ऐसी गरीब महिलाओं को कनेक्शन दिए जाते हैं, जो योजना की पात्रता को पूरा करती है। इस पर विधायक कृपलानी ने चुटकी भरे अंदाज में कहा कि आप भी पुरुष हैं और पुरुषों का ध्यान भी एक पुरुष नही रखेगा तो कौन रखेगा। इस दौरान सदन ठहाकों से गूंज उठा।विधायक कृपलानी के प्रश्न के माध्यम से उठाये गए इस मुद्दे को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि वास्तव में पहले संयुक्त परिवार हुआ करते थे, लेकिन अब फेमिली न्यूक्लियर हो गई है। एकल परिवार हो चुका है और उसमें भी एकल पुरुष होने लगे हैं। मंत्री ने कहा कि योजना केंद्र सरकार की है, इसलिए हम नियमों में बंधे है।

पीएम किसान सम्मान निधि एवं उज्ज्वला में सब्सिडी की तरह एकल पुरुष को मिले लाभ

विधायक कृपलानी ने कहा कि आप केंद्र के नियमों से बंधे हैं, लेकिन किसान सम्मान निधि भी तो भारत सरकार की है, उसमें भी राज्य सरकार अलग से 6000 रुपए दे रही है। वहीं उज्ज्वला योजना केंद्र सरकार की है, इसमें भी 450 रुपए राज्य सरकार कर चुकी है, तो एकल पुरुष जो विदुर, कुंवारे हैं को भी गैस कनेक्शन दिया जाना चाहिए।

इस पर मंत्री गोदारा ने कृपलानी के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि आपने भी केंद्र में 2 बार सांसद रहते हुए नेतृत्व कर चुके हैं, आप भी प्रयास करें। इसका लाभ मिलेगा। साथ ही सरकार द्वारा भी भविष्य में इस बात को आगे पहुंचाई जाएगी। मंत्री गोदारा ने विधायक कृपलानी को समसामयिक विषय पर मुद्दा उठाने पर सदन की ओर से आभार ज्ञापित किया।

चांदी की पालकी में निकलेगी श्री साई बाबा की भव्य शोभायात्रा

मध्य प्रदेश के मंसूरी ढोल रहेंगे आकर्षण का केन्द्र, मंदिर परिसर में तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। श्री शिरड़ी साईं समिति गढ़ पैलेस द्वारा इस बार भी भव्य रूप से श्री साई बाबा की पालकी 21 जुलाई 2024 को निकाली जाएगी। इस दौरान बाबा का पंचामृत अभिषेक होगा, मध्यांतर आरती होगी और उसके बाद दोपहर 3 बजे से बाबा की पालकी शुरू होगी। गुरू पूर्णिमा महोत्सव के तहत चांदी की पालकी में विराजमान होकर श्री साई बाबा को शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति कि और से तैयारियां की जा रही है। मंदिर पर विद्युत सज्जा की जा रही है। भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को अंमित रूप दिया जा रहा है। साइ भक्त योगेश पंचोली ने बताया की इस बार मध्य प्रदेश के मंसूरी ढोल साई के दरबार में अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 300 कार्यकर्ताओं की सूचीबद्ध टीम व्यवस्था संभालेगी व प्रसाद वितरण करेगी साथ ही सभी भक्तजनों को बाबा के दर्शन करने में सहायता करेगी। चंद्रप्रकाश जेठी, हीरालाल रोहिडा ने बताया पालकी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। कई संस्थाओं और समाज द्वारा स्वागत द्वार लगाए जाएंगे, पुष्प वर्षा होगी, खाने के आइटम का प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम को भव्य रूप देते हुए सफल बनाए जाने के लिए श्री साई बाबा पालकी आयोजन समिति का गठन किया गया। भुवनेश गहलोत, हेमराज सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में 250 किलो खिचड़ी प्रसाद वितरण होगा। साई पालकी में जीवंत झाकियां व साई बाबा की पैदल झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। 300 से 350 कार्यकर्ता साई पालकी में अपनी ड्यूटी के साथ पालकी लेकर भ्रमण को चलेंगे।

सांसद सिंह ने तीतरवासा में किया विद्यालय के नवीन भवन का उद्घाटन

शिक्षण संस्थाओं के भवनों का, सामाजिक उपयोग भी हो

बढ़ता राजस्थान

तीतरवासा (नि.स.)। सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि राजकीय शिक्षण संस्थाओं के भवन शिक्षण के साथ सामाजिक उपयोग के लिए भी उपलब्ध होने चाहिए। सिंह शुक्रवार को तीतरवासा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांसद कोष से निर्मित नवीन भवन के उद्घाटन के अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनता को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा से भी जोड़ने की जरूरत है। उन्होनें नवीन भवन में संचालित होने वाली शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होनें कहा कि यहां डिजिटल क्लास रूम के निर्माण के साथ इसका भरपूर उपयोग भी होना चाहिए। उन्होनें सुझाव दिया कि डिजिटल क्लासरूम विद्यालय समय के अतिरिक्त रोजगार एवं महिला समूह प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध कराने की योजना बनाई जानी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने सांसद का स्वागत किया। डग विधायक कालूलाल मेघवाल, पूर्व विधायक नरेंद्र नागर, जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी, प्रधान भावना झाला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रंजीता पांडे, जिला परिषद सदस्य लाली बाई, भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कालूराम पाटीदार आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

केलों से तोला गया

सुनेल पहुंचने पर सांसद दुष्यंत सिंह का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। यहां के मुख्य बाजार में कुमावत परिवार ने उन्हें केलों से तोला।

प्यार और विश्वास से मिलती है काम करने की ताकतः दुष्यंत सिंह

सुनेल/ झूमकी। सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि जनता के असीम प्यार और विश्वास से ही उन्हें बेहतर काम करने की ताकत मिलती है। उन्होनें झालरापाटन ग्रामीण क्षेत्र में अपनी धन्यवाद यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में लगातार पांचवीं जीत कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि झालावाड़ से हमारा रिश्ता परिवार का है। परिवार जो आदेश करेगा, उसकी पूर्ति करने के प्रयास करेंगे। उन्होनें कहा कि यह रिश्ता जीवन भर निभाएंगे। झूमकी में सांसद ने तीतरी-झूमकी-देवनगर नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी, प्रधान भावना झाला, मंडल अध्यक्ष कालूराम पाटीदार आदि ने भी संबोधित किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूलाल नागर, सरपंच घासीलाल, बजरंग शर्मा एवं जस्सू सिंह आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

सेवानिवृत पुलिस दूरसंचार समन्वय समिति के स्नेह मिलन में जुटे प्रदेश भर से प्रतिभागी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। सेवानिवृत पुलिस दूरसंचार समन्वय समिति जिला कोटा का स्नेह मिलन समारोह शुक्रवार को पेंशनर्स समाज भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान राजस्थान पुलिस दूरसंचार विभाग से राज्यस्तर पर सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारीगणों का सम्मान भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रामेशचन्द गुप्ता थे। अध्यक्षता सेवानिवृत पुलिस दूरसंचार राजस्थान जयपुर विष्णु शर्मा ने की। समारोह में दीप प्रज्वलन के बाद गणेश वंदना, अतिथि सत्कार, प्रतिवेदन प्रस्तुति, अधिकारी परिचय एवं स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण बखान, कविताएं सामुहिक नृत्य समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस दूरसंचार विभाग से सेवानिवृत्त 72 अधिकारी एवं कर्मचारीगण का स्वागत गया। समारोह में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और यूपी से भी प्रतिभागी शामिल हुए।

कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण भी किया गया। आयोजन में गिरिराज प्रसाद चौधरी, हरिश्चंद्र, मोहम्मद हनीफ, नाथूलाल कुशवाह, हुक्मचंद और दुर्गासिंह की प्रमुख भूमिका रही।

लोस अध्यक्ष के प्रयास रंग लाए, जल्द होगा एयरपोर्ट का कार्य शुरू :पंकज मेहता

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। शहर का एयरपोर्ट का सपना अब जल्द साकार होने जा रहा है। कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर त्रिपक्षीय एमओयू हुआ है। कोटा के लिए सरकार ने बडी सौगात दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता ने कहा कि एयरपोर्ट कोटा वासियों का सबसे बडा सपना था जिसे कांग्रेस ने जान बूझ कर अटका रखा था, लेकिन जैसे ही डबल इंजन की सरकार आई उन्होंने अपने वादे को पूरा किया और समय से पूर्व ही एमओयू को साइन कर कोटा

कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर त्रिपक्षीय एमओयू साइन हुआ

वासियों को सबसे बडी सौगाद दी है। पंकज मेहता ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से कोटा को नई उंचाईयां मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष लम्बे समय से लगातार प्रयास कर रहे थे और अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द से जल्द कार्य शुरू हो इसका प्रयास कर रहे थे। मेहता ने इस कार्य को गति देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल का आभार व्यक्त किया है। मेहता ने कहा कि कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट आएगा तो यहां ना केवल विकास के नए द्वार खुलेंगे बल्की यहां के लोगों के रोजगार के अवसर बढेंगे, पर्यटन बढेगा और हर कोटावासियों को प्रत्यक्ष अप्रत्क्ष रूप से लाभ होगा।

अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा। शिक्षा एवं उद्योगिक नगरी कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से हाडौती अंचल के लाखों निवासियों को हवाई सुविधा का लाभ होगा।

झालावाड़ में स्मार्ट मीटर की कवायत नहीं लगाया तो मी खंभे पर लगा दिया जाएगा या फिर बिजली काट दी जाएगी

पूर्व में भी सांसद दुष्यंत सिंह द्वारा झालावाड़ की जनता को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट मीटर नहीं लगाने के निर्देश दिए थे

सबसे बड़ी बात पूरे शहर में मात्र 12 हजार कनेक्शन अब तक लगा चुके हैं 9 हज़ार से ज्यादा स्मार्ट मीटर नहीं लगने पर धमकी

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (सुरेश मोमिया)। झालावाड़ शहर में इन दोनों धड़ाधड़ स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं वहीं जिनके मीटर खराब नहीं उन्हें भी खराब बात कर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाया जा रहा है अगर मीटर नहीं लगाया तो बिजली काट दी जाएगी या फिर हम उसे खंबे पर लगा देंगे तुम कुछ भी नहीं कर सकते । आपको बताते चले कि पूर्व में भी राजस्थान में स्मार्ट मीटर का भरपूर विरोध हुआ था जिसको ध्यान में रखते हुए झालावाड़ बारा सांसद दुष्यंत सिंह द्वारा झालावाड़ की जनता के हित के लिए स्मार्ट मीटर नहीं लगाने के निर्देश दिए थे परंतु बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा मिली भगत कर झालावाड़ में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं । सबसे ज्यादा सोचने वाली बात यह है अगर कोई पावरफुल व्यक्ति नया कनेक्शन करवाता है तो उसके सदा मीटर पर कनेक्शन कर दिया जाता है और गरीब व्यक्ति कनेक्शन करवाता है तो उसके स्मार्ट मीटर लगाया जाता है । शहर में बिजली चोरी रुक नहीं रही वहीं बिजली विभागअपना घाटा पूरा करने के लिए गरीब व्यक्ति को टारगेट कर रहे हैं । आपको बता दें कई जगह पर तो कनेक्शन ही नहीं बड़ी-बड़ी बिल्डिंग है बिजली चोरी से चल रही है परंतु मजाल किसी भी अधिकारी की के उनके खिलाफ कोई लीगल एक्शन ले सके।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

प्रदेश में एक बार फिर से मानसून एक्टिव...

- बिजली गिरने से 16 साल की लड़की की मौत
- बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा था परिवार; जालोर में तेज बरसात

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में एक बार फिर से मानसून एक्टिव हो गया है। पाली-जालोर जिले में शुक्रवार को दोपहर बाद मौसम बदला और तेज बरसात हुई। पाली में बिजली गिरने से एक 16 साल की लड़की की मौत हो गई। बालोतरा में तेज बारिश के कारण जज कॉलोनी में जज के सरकारी आवास की खिड़कियों का छज्जा गिर गया। कई बार जर्जर इमारत की शिकायत करने के बाद भी रिपेयरिंग का काम नहीं हुआ। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 30 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया। पाली, सिरोही, उदयपुर, अजमेर और दौसा समेत अधिकांश हिस्सों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट है।

राजस्थान में अब तक सामान्य से 2 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। प्रदेश में 18 जुलाई तक मानसून सीजन में औसत बरसात 137.7एमएम बारिश होती है, जबकि इस सीजन में अब तक 140.2एमएम बारिश हो चुकी है।

बहन के साथ पेड़ के नीचे खड़ी थी नाबालिग

पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन थाना क्षेत्र के आऊवा गांव के पास मेघवालों का ढिमड़ा में सुमन (16) पुत्री हरीराम मेघवाल पर बिजली गिर गई और उसकी मौत हो गई। सुमन अपनी बड़ी बहन दरिया और माता-पिता के साथ खेत पर काम कर रही थी। इस दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई।

सुमन अपनी बहन के साथ खेत में एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई, जबकि उसके माता-पिता खेत में ही एक दूसरे पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी दौरान तेज आवाज के साथ बिजली गिरी। तेज आवाज सुनकर दरिया वहां से भाग गई, लेकिन सुमन वहीं पर खड़ी रही। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जज के सरकारी आवास का छज्जा गिरा

बालोतरा में तेज बारिश के कारण जज कॉलोनी में जज हुकुमसिंह राजपुरोहित के सरकारी आवास की खिड़कियों का छज्जा गिर गया। राजपुरोहित ने कहा कि वे कई बार जर्जर इमारत की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन रिपेयरिंग का काम नहीं हुआ। इससे पहले गुरुवार शाम को पाली की गोड़वा फली निवासी केसी बाई (45) और चुनी बाई (40) की बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। शाम करीब 5 बजे ग्रामीणों ने नजदीकी पहाड़ी पर धमाके की आवाज सुनी तो दौड़कर वहां पहुंचे तो दोनों महिलाओं के शव मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है।

टोंक में एक दिन में 49 मिमी. बारिश

पिछले 24 घंटे में टोंक, सवाई माधोपुर, राजसमंद, फलोदी, जोधपुर, नागौर, जयपुर, अलवर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, बूंदी, कोटा, पाली, करौली, धौलपुर और भीलवाड़ा समेत अन्य जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात 49एमएम बरसात टोंक जिले के उनियारा एरिया में हुई। टोंक के ही अलीगढ़ में 30एमएम, देवली में 26एमएम, फलोदी के देचू में 28एमएम, नागौर के खींवसर में 23एमएम, कोटा के चेचत में 28एमएम, अलवर के मंडावर में 38एमएम, तिजारा में 36एमएम, जयपुर के चाकसू में 30एमएम, भरतपुर में 39एमएम और ब्यावर के पास टॉडगढ़ में 45एमएम बरसात दर्ज हुई।

चारधाम के नाम पर नहीं बनेगा कोई भी ट्रस्ट : धामी

कहा : यह हमारी आस्था के केंद्र, राजनीति ना करें

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली(एजेंसी) उत्तराखंड सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून लाएगी कि चारधाम और अन्य प्रमुख मंदिरों के नाम पर कोई ट्रस्ट, मंदिर या समिति न बनाई जाए। पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया है। पुष्कर सिंह धामी ने एक बयान में कहा कि ये हमारे लिए महत्वपूर्ण धाम हैं और हमारी आस्था के केंद्र हैं। वे यहां की अर्थव्यवस्था से भी जुड़े हुए हैं। जब इसके बारे में कहानियाँ प्रकाशित होती हैं, तो लोग इसके बारे में अपने-अपने विचार बनाते हैं। इसके साथ ही धामी ने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि राजनीतिकरण करने के लिए बहुत सारे मुद्दे हैं, इसलिए कृपया उन मुद्दों को छोड़ दें जो हमारी आस्था से जुड़े हैं। वहीं, बैठक को लेकर धामी ने एक ट्वीट भी किया। उन्होंने कहा कि कल आयोजित हुई कैबिनेट बैठक में जनभावनाओं के अनुरूप चारों धामों के नाम का दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाने का निर्णय लिया गया है साथ ही सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में यूजर चार्ज की दरें एक समान कर दी गई हैं। भाजपा नेता ने बताा कि प्रदेश के सरकारी विवि में हिंदू अध्ययन केंद्र खोले जाएंगे। जिनमें छात्र भारतीय ज्ञान-विज्ञान और दर्शन की पढ़ाई कर सकेंगे। प्रदेश के सभी जिलों और पर्यटक स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया है।

2041 तक मुस्लिम राज्य बन जाएगा असम : हिमंता बिस्वा

कहा- इसे कोई नहीं रोक सकता; राहुल गांधी एंबेसडर बनें तो जनसंख्या कंट्रोल कर सकते हैं

बढ़ता राजस्थान

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार (19 जुलाई) को कहा राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में 30% बढ़ रही है। ऐसे में साल 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। यह हकीकत है और इसे कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा अगर राहुल गांधी जनसंख्या नियंत्रण के ब्रांड एंबेसडर बन जाते हैं तब इस पर नियंत्रण लग सकता है, क्योंकि मुस्लिम समुदाय केवल उनकी बात सुनता है।

असम सीएम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि डेमोग्राफिक डेटा के मुताबिक असम की मुस्लिम आबादी 40 फीसदी हो गई है। जबकि हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में करीब 16 फीसदी ही बढ़ रही है।

मुस्लिम मैरिज के लिए लाया जाएगा नया एक्ट

इससे पहले सीएम सरमा ने गुरुवार (18 जुलाई) को बताया कि मंत्रिमंडल ने मुस्लिम मैरिज एक्ट 1935 को रद्द करते हुए नए कानून बनाने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि नए कानून से शादी और तलाक के नियमों में समानता आएगी। साथ ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर भी रोक लगेगी। नए कानून के बिल पर संसद के मानसून सत्र में चर्चा की जाएगी।

विधानसभा के मानसून सत्र में होगी बिल पर चर्चा

सीएम सरमा ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने जा रहे हैं। जो बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। मौजूदा एक्ट लड़कियों को 18 और लड़कों को 21 साल की उम्र से पहले शादी करने की अनुमति देता है।

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ हिंसा; 39 की मौत

प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियां फूंकी, सरकारी चैनल में आग लगाई; 300 लोग भारत पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

ढाका। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हफ्ते भर से जारी विरोध-प्रदर्शन अब उग्र हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार शाम बांग्लादेश के मुख्य सरकारी टीवी चैनल बीटीवी के मुख्यालय में आग लगा दी। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक सैकड़ों प्रदर्शनकारी बीटीवी ऑफिस के कैंपस में घुस आए और 60 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कल ही बीटीवी को इंटरव्यू दिया था। छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें भी हुईं। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा में 18 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा 2500 से अधिक लोग घायल हुए। बांग्लादेश में प्रदर्शन शुरू होने के बाद से कम से कम 39 लोगों की मौत हुई है। बांग्लादेश में जारी हिंसा के बाद वहां से भारतीय लोगों का पलायन शुरू हो गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने कहा कि हिंसा के बाद वहां फंसे 300 से अधिक भारतीय, नेपाली और भूटानी नागरिक मेघालय पहुंच गए हैं। इनमें से अधिकांश छात्र हैं। असम सरकार ने कहा कि वह पड़ोसी देश में रह रहे अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय के संपर्क में है।

चुनाव के बाद पहली बार बड़े पैमाने पर प्रदर्शन

इस साल जनवरी में हुए आम चुनाव के बाद ये पहली बार है जब देश में इतने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों को 1971 में बांग्लादेश को आजादी दिलाने वाले लोगों के बच्चे भी शामिल हैं। लोगों का कहना है कि हसीना सरकार ने उन लोगों को आरक्षण दिया है, जिनकी आमदनी ज्यादा है। ये लोग वे लोग हैं जिन्हें हसीना का वोटर्स माना जाता है। सरकार का कहना है कि विकलांग लोगों और अल्पसंख्यक समुदाय लोगों को नौकरी में 30% आरक्षण दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भड़की हिंसा

बांग्लादेश 1971 में आजाद हुआ और इसी साल से वहां पर 56 फीसदी कोटा सिस्टम लागू हो गया था। इसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को नौकरी में 30%, पिछड़े जिलों के लिए 10%, महिलाओं के लिए 10%, अल्पसंख्यकों के लिए 5% और 1% विकलांगों को दिया गया। इस हिसाब से सरकारी नौकरियों में 56% आरक्षण है। साल 2018 में 4 महीने तक छात्रों के प्रदर्शन के बाद हसीना सरकार ने कोटा सिस्टम खत्म कर दिया था, लेकिन बीते महीने 5 जून को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फिर से आरक्षण लागू करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि 2018 से पहले जैसे आरक्षण मिलता था, उसे फिर से उसी तरह लागू किया जाए। शेख हसीना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ अपील भी की मगर सुप्रीम कोर्ट ने अपना पुराना फैसला बरकरार रखा। इससे छात्र नाराज हो गए। अब इसी के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हो रहा है।

हमले के 5 दिन बाद ट्रम्प बोले-मुझे भगवान ने बचाया

कहा- अवैध प्रवासी आपको खा जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 13 जुलाई को हुए जानलेवा हमले के बाद शुक्रवार को पहली बार भाषण दिया। ट्रम्प ने विस्कॉन्सिन राज्य में हो रहे पार्टी कन्वेंशन में अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए नॉमिनेशन स्वीकार कर लिया। ट्रम्प के भाषण के दौरान उनकी पत्नी मेलेनिया समेत पूरा परिवार मौजूद रहा। पूर्व राष्ट्रपति का पार्टी कन्वेंशन में यह सबसे बड़ा भाषण था। ट्रम्प ने 92 मिनट तक स्पीच दी। इस दौरान वे अवैध प्रवासियों पर हमलावर रहे। ट्रम्प ने उनकी तुलना एलियन्स से की। ट्रम्प ने कहा, अमेरिका में नौकरियां किसे मिल रही हैं, अमेरिका की 107% नौकरियां गैर कानूनी एलियन्स हड़प रहे हैं। ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों की तुलना फिल्मी दुनिया के मॉन्सटर्स से करते हुए कहा कि वे आपको खा जाएंगे।

बता दें कि जिस वक्त ट्रम्प पर हमला हुआ था वे तब भी गैरकानूनी प्रवासियों के खिलाफ बोल रहे थे। ट्रम्प ने अपने भाषण में हमले का एक्सपीरियंस अपने समर्थकों के साथ शेयर किया। ट्रम्प ने कहा, मैं दोबारा कभी उस बारे में बात नहीं कर पाऊंगा। मैं आज आप लोगों के बीच हूं क्योंकि उस दिन भगवान मेरे साथ थे।

ट्रम्प ने कहा, मेरा हाथ खून से सन गया था। लेकिन गोलीबारी के बीच भी मैं शांत रहा। मेरे समर्थक वहां से भागे नहीं। वे मेरे साथ खड़े रहे। सीक्रेट सर्विस की टीम ने भी बेहतरीन काम किया। ट्रम्प ने अपने भाषण में सिर्फ एक बार बाइडेन का नाम लिया। फिर कहा मैं उनका जिक्र फिर नहीं करूंगा।

जम्मू में जैश-लश्कर नेटवर्क 20 साल बाद फिर एक्टिव

गलवान हिंसा के कारण सेना को लद्दाख शिफ्ट किया

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के जम्मू रीजन में जैश और लश्कर के आतंकी नेटवर्क एक बार फिर से एक्टिव नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान फंडेड जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे इन लोकल नेटवर्क को सेना ने दो दशक पहले डिएक्टिवेट कर दिया था। जानकारों का मानना है कि गलवान हिंसा के बाद सेना को लद्दाख शिफ्ट करने के बाद आतंकियों को पैर जमाने का मौका मिला है। साथ ही सेना को नए आतंकियों में पाक आर्मी के जवानों के शामिल होने के सबूत भी मिले हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य ने बताया कि आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान आर्मी और ढ्ढस्ढ्ढ ने जम्मू को टारगेट करना शुरू कर दिया है। उन्होंने दो साल में इस नेटवर्क को सक्रिय किया। इन्हीं की मदद से आतंकियों ने 2020 में पुंछ और राजौरी में सेना पर बड़े हमले किए। फिर ऊधमपुर, रियासी, डोडा और कठुआ को निशाने पर लिया।

वहीं सेना से रिटायर्ड जनरल दीपेंद्र सिंह हुड्डा बताते हैं कि 2020 तक जम्मू रीजन में काफी सुरक्षा बल तैनात था। लेकिन गलवान एपिसोड के बाद चीन गतिरोध का जवाब देने के लिए यहां से सेना को हटाकर लद्दाख शिफ्ट कर दिया गया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बोले सीएम सैनी, लगातार आगे बढ़ते रहेगा हरियाणा

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, शुक्रवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई। पीएम मोदी ने हरियाणा में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की है और आने वाले समय में जो कार्य करने हैं उसकी जानकारी भी ली है। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो योजनाएं बना रही हैं उसकी भी जानकारी ली है कि जनता तक लाभ पहुंच रहा है या नहीं। आने वाले समय में हरियाणा में विधानसभा चुनाव हैं। आने वाले समय में भी हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

हरियाणा सीएम ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार बड़े मैंडेट से हम हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनाएँगे। विकास की गति जो 10 साल में बनी है उसको

और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। विकसित राज्य की ओर जो देश बढ़ रहा है। उसमें हरियाणा योगदान देगा। हरियाणा में पिछले 10 सालों में कई बदलाव देखने को मिले हैं। काफी लंबी बातचीत हुई है। काफी अच्छा लगा है। आप के अकेले चुनाव में जाने पर सैनी ने कहा कि एक झूठ का सहारा लेकर साथ हुए थे। उनके अलग विजन है अलग धाराएं हैं, यह एक साथ नहीं चल सकते।

गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने दावा किया कि लोग बदलाव चाहते हैं और बड़ी उम्मीद से उसकी ओर देख रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)